जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 126, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 02 जून 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

सोनिया-राहुल गांधी से होंगे सवाल

सोनिया-राहुल को ईडी का नोटिसः नेशनल हेराल्ड केस में पूछताछ के लिए राहुल को आज बुलाया, उन्होंने वक्त मांगा, सोनिया 8 को जाएंगी

नई दिल्लीः प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी को समन भेजा। एऊ ने मनी लॉन्ड्रिंग केस (अंडर सेक्शन 50 एक्ट) में राहुल गांधी को 2 जून यानी आज और सोनिया गांधी को 8 जून को पूछताछ के लिए बुलाया है। सूत्रों के मुताबिक राहुल ने बाहर होने का हवाला देकर अभी वक्त मांगा है, जबकि सोनिया 8 जून को पूछताछ में शामिल होंगी। एजेंसी ने नेशनल हेराल्ड केस की जांच में दोनों नेताओं को शामिल होने को कहा है। इस केस में ईडी ने कांग्रेस के 2 बड़े नेता पवन बंसल वह मल्लिकार्जुन खड़गे को बीते 12 अप्रैल को जांच में शामिल किया था। 2014 में सुब्रमण्यम स्वामी ने सोनिया और राहुल के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इसमें स्वामी ने गांधी परिवार पर 55 करोड़ की गड़बड़ी का आरोप लगाया था।

कांग्रेस का केंद्र सरकार पर हमलाः कांग्रेस ने नोटिस जारी होने पर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि तानाशाह सरकार डर गई है, इसलिए बदले की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार बदले की भावना में अंधी हो गई है। नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया और राहुल को ईडी का समन भेजा है। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि मनगढ़ंत आरोप है और प्रतिशोध की भावना है। इस केस में ईडी को कुछ नहीं मिलेगा। राहुल गांधी बाहर हैं, उनके लिए समय मांगेंगे।

सिंघवी की 5 बातें...

यह केस पिछले 7-8 सालों से चल रहा है और इसमें अब तक एजेंसी को कुछ नहीं मिला है।

कंपनी को मजबूत करने के लिए और ऋण खत्म करने की वजह से इक्विटी में परिवर्तन किया गया।

इस इक्विटी से जो पैसा आया, वो मजदूरों को दिया गया और इसे पूरी पारदर्शिता के साथ किया गया।

7 साल बाद लोगों का ध्यान मोड़ने के लिए यह समन भेजा गया है। देश की जनता सब कुछ समझती है।

ईड़ी, सीबीआई और इनकम टैक्स का दुरुपयोग कर विपक्षी पार्टियों को डराया जा रहा है।

सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में आरोप लगाया था कि कांग्रेस ने पार्टी फंड से राहुल और सोनिया को 90 करोड़ रुपए दिए थे।

इसका मकदस एसोसिएट जर्नल्स की 2 हजार करोड़ की संपत्ति हासिल करना था। इसके लिए गांधी परिवार ने महज 50 लाख रुपए की मामूली रकम दी थी।

भोपाल में भाजपा अध्यक्ष नड्डा का सोनिया-राहुल पर तंजः भोपाल में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोनिया-राहुल को ईडी के नोटिस पर कहा- चेहरा गड़बड़ है और वे आईना साफ कर रहे हैं। कभी आपने देखा कि कोई मुजरिम बोले कि मैं बेईमान हूं। राहुल गांधी न तो इंडियन, न नेशनल, न कांग्रेस के रह गए हैं। कांग्रेस तो भाई-बहन की पार्टी है। वह तो लंदन जाकर बोलते हैं।

क्या है पूरा मामला....

पूरे केस को विस्तार से समझिए

1938 में कांग्रेस पार्टी ने एसोसिएट जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) बनाई थी। इसी के तहत नेशनल हेराल्ड अखबार निकाला जाता था। एजेएल पर 90 करोड़ से ज्यादा का कर्ज था और इसी को खत्म करने के लिए एक और कंपनी बनाई गई। जिसका नाम था यंग इंडिया लिमिटेड। इसमें राहुल और सोनिया की हिस्सेदारी 38-38% थी।

यंग इंडिया को अखछ के 9 करोड़ शेयर दिए गए। कहा गया कि इसके एवज में यंग इंडिया एजेएल की देनदारियां चुकाएगी, लेकिन शेयर की हिस्सेदारी ज्यादा होने की वजह से यंग इंडिया को मालिकाना हक मिला। एजेएल की देनदारियां चुकाने के लिए कांग्रेस ने जो 90 करोड़ का लोन दिया था, वह भी बाद में माफ कर दिया गया।

केस में अब तक क्या-क्या हुआः 1 नवंबर 2012 को दिल्ली कोर्ट में सुब्रमण्यम स्वामी ने केस दर्ज कराया, जिसमें सोनिया-राहुल के अलावा मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडिस, सुमन दुबे और सैम पित्रोदा आरोपी बनाए गए।

26 जून 2014 को मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने सोनिया-राहुल समेत सभी आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया।

1 अगस्त 2014 के एऊ ने इस मामले में संज्ञान लिया और मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया।

मई 2019 में इस केस से जुड़े 64 करोड़ की संपत्ति को एऊ ने जब्त किया।

19 दिसंबर 2015 को इस केस में सोनिया, राहुल समेत सभी आरोपियों को दिल्ली पटियाला कोर्ट ने जमानत दे दी।

9 सितंबर 2018 को दिल्ली हाई कोर्ट ने इस मामले में सोनिया और राहुल को करारा झटका दिया था। कोर्ट ने आयकर विभाग के नोटिस के खिलाफ याचिका खारिज कर दी थी।

कांग्रेस ने इसे सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी, लेकिन 4 दिसंबर 2018 को कोर्ट ने कहा कि आयकर की जांच जारी रहेगी। हालांकि, अगली सुनवाई तक कोई आदेश नहीं पारित होगा।

अयोध्याः सीएम योगी ने रखी गर्भगृह की पहली शिला

अयोध्या में उत्सव जैसा माहौलःराम मंदिर होगा देश का राष्ट्र मंदिरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

अयोध्याः अयोध्या में उत्सव जैसा माहौल है। राम भक्त उत्साहित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज राम मंदिर के गर्भगृह का शिलान्यास कर दिया है। इससे पहले सीएम योगी ने निर्माणाधीन राम मंदिर के गर्भगृह का शिला पूजन किया। मंत्रोच्चरण के साथ आधारशिला रखी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामजन्मभूमि के परिसर में प्रवेश किया और सबसे पहले रामलला की आरती उतारी। इसके बाद सीएम योगी निमार्णाधीन गर्भगृह स्थल पर वैदिक आचार्यों द्वारा किए जा रहे अनुष्ठान में शामिल हुए। सीएम योगी ने श्रीराम लला के भव्य घर के निर्माण में लगने वाली पहली नक्काशीदार शिला को विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद स्थापित किया। बता दें इससे पहले पांच अगस्त 2020 को पीएम नरेंद्र मोदी ने मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया था। योगी

आदित्यनाथ द्वारा राम मंदिर का पहला पिलर स्थापित करते ही वहां पर बैठे लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाने शुरू कर दिए। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे संतों-महंतों ने कहा कि यह दिन देखने के लिए कितनी पीढ़ियां कुर्बान हो गई हैं। आज हम लोगों का सौभाग्य है कि इस पल को अपनी आंखों से देख पा रहे हैं। हनुमानगढ़ी के मुख्य पुजारी रमेश दास कहते हैं कि जिस तरह से भगवान राम अयोध्या छोड़ कर 14 वर्ष के लिए वनवास चले गए थे और अयोध्यावासी उदास थे उनके लौटने के बाद जिस तरह की खुशी अयोध्या वासियों में दिखी थी, कुछ इस तरह की खुशी आज लोगों में दिख रही है। इस दौरान सीएम योगी ने राम मंदिर निर्माण कार्य में लगे इंजीनियरों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और संतों-महंतों समेत कुल 200 लोग मौजूद थे।

अयोध्या में 500 साल की तड़पन जल्द दूर होगीः शिलान्यास के बाद मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दो साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभारंभ किया। हमें गर्भगृहके शिला पूजन का शोभाग्य मिला। जल्द ही भव्य राम मंदिर बनकर तैयार होगा। अब राम मंदिर का निर्माण तेजी से होगा। गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियां इस काम में लगी थीं।

कश्मीर में हिंदुओं की हत्याओं पर चीफ जस्टिस को भेजी पत्र याचिका

नई दिल्ली। कश्मीर में हिंदुओं को टारगेट करके हो रही हत्याओं पर संज्ञान लेने की मांग को लेकर वकील विनीत जिंदल ने चीफ जस्टिस एनवी रमना को पत्र याचिका भेजी है। पत्र में कहा गया है कि अकेले मई महीने में कश्मीर में 7 हिंदुओं की हत्या हो चुकी है। एक के बाद एक हो रही इन हत्याओं के चलते हिंदू वहां डर और असुरक्षा में जी रहे हैं। पत्र याचिका में मांग की गई है कि कोर्ट सरकार को कश्मीर में रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आदेश दे। इसके लिए स्पेशल यूनिट बनाया जाए। चीफ जस्टिस को लिखे पत्र में कहा गया है कि हत्याओं की एनआईए से जांच कराई जाए।

जीएसटी संग्रह मई महीने में घटकर 1.41 लाख करोड़ रुपये रहा

नई दिल्ली। आर्थिक मोर्चे पर सरकार को राहत देने वाली खबर है। चालू वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही के दूसरे माह मई में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 1,40,885 करोड़ रुपये रहा है। हालांकि, यह पिछले महीने की तुलना में 16.6 फीसदी कम है लेकिन एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में यह 44 फीसदी ज्यादा है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। वित्त मंत्रालय के जारी आंकड़ों के मुताबिक मई, 2022 में सकल जीएसटी राजस्व संग्रह 1,40,885 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, यह आंकड़ा पिछले दो महीने के जीएसटी संग्रह से कम है। अप्रैल महीने में जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था, जबकि उसके पहले मार्च, 2022 में जीएसटी का संग्रह 1.42 लाख करोड़ रुपये रहा था। यह चौथा मौका है, जब मासिक जीएसटी संग्रह 1.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक मई, 2022 के कुल 1,40,885 करोड़ रुपये के जीएसटी संग्रह में केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) का हिस्सा 25,036 करोड़ रुपये रहा है। राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) संग्रह 32,001 करोड़ रुपये रहा जबकि एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) संग्रह 73,345 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा 10,502 करोड़ रुपये का उपकर भी जुटाया गया है। मंत्रालय के मुताबिक अप्रैल में कुल 7.4 करोड़ ई-वे बिल निकाले गए, जो मार्च के 7.7 करोड़ ई-वे बिल से करीब चार फीसदी कम है। उल्लेखनीय है कि मई, 2022 के लिए जीएसटी राजस्व संग्रह मई, 2021 की तुलना में 44 फीसदी बढ़ गया, जबकि एक साल पहले के समान महीने में जीएसटी संग्रह 97,821 करोड़ रुपये रहा था।

विमान ईंधन के दाम में 1.3 फीसदी की कटौती

नई दिल्लीः रूस-यूक्रेन जंग के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी के बीच कमर्शियल गैस के बाद विमान ईंधन सस्ता हुआ है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के दाम में 1.3 फीसदी की कटौती की है। इसके बाद दिल्ली में एटीएफ का भाव 1,563.97 रुपये घटकर 1,21,475.74 रुपये प्रति किलो लीटर हो गया है। एटीएफ की नई दरें बुधवार, एक जून 2022 से लागू हो गई है। इंडियन ऑयल के मुताबिक हवाई ईंधन के भाव में 1.3 फीसदी कटौती के बाद दिल्ली में इसकी कीमत घटकर 1.21 लाख रुपये प्रति किलो लीटर हो गया है। कोलकाता में इसका भाव 1.27 लाख, मुंबई में 1.20 लाख और चेन्नई में 1.26 लाख रुपये प्रति किलो लीटर है। इसके पहले एटीएफ की कीमतों में लगातार 10 बार बढ़ोतरी हुई थी, जबकि पिछली बार 16 मई को एटीएफ के दाम 5.29 फीसदी बढ़ाए गए थे। दरअसल, रूस-यूक्रेन जंग छिड़ने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत में तेजी आने और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय करंसी रुपये के कमजोर होने से पेट्रोलियम आयात महंगा हो गया है।

मुंबई में फरवरी के बाद पहली बार सबसे ज्यादा मरीज मिले, पॉजिटिविटी रेट 6% तक पहुंचा

रहें सावधानः महाराष्ट्र को फिर डरा रहा कोरोना

मुंबईः मुंबई में कोरोना की रफ्तार फिर बढ़ गई है। पिछले 24 घंटों में मुंबई में 506 नए कोविड मरीज मिले हैं। जो इस साल 6 फरवरी (536 मामले) के बाद सबसे अधिक संख्या है। शहर में टेस्ट के दौरान पॉजिटिविटी रेट 6% तक पहुंच गया है। मुंबई में अप्रैल में आए केस की तुलना में मई में कोविड मरीजों की संख्या में 100% से अधिक की बढ़ोतरी देखी गई है।

देश में 2,745 नए मामलेः देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 2,745 नए मामले सामने आए हैं। 6 मरीजों की मौत हो गई। देश में कुल कोविड-19 मामलों की संख्या 4 करोड़ 31 लाख 60 हजार के पार हो गई। कुल एक्टिव केस बढ़कर 17 हजार 800 हो गए। पिछले 24 घंटों में वहीं, 2, 236 कोरोना से ठीक हो गए और 6 लोगों की मौत हुई है जिसके बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 5 लाख 24 हजार 600 हो गई। फिलहाल संक्रमण दर 0.04% है, जबकि

'मेक इन इंडिया' के तहत भारत में ही बनाये जाएंगे 57 एमएमआरसीए लड़ाकू विमान

वायु सेना अब 144 के बजाय 57 मल्टी रोल फाइटर एयरक्राफ्ट खरीदेगी

नई दिल्ली। वायु सेना ने अपनी जरूरतों के लिहाज से लड़ाकू विमानों को खरीदने की योजनाओं में बदलाव करके आधा कर दिया है। अब वायु सेना ने 144 के बजाय 57 मल्टी रोल फाइटर एयरक्राफ्ट (एमएमआरसीए) खरीदने का फैसला लिया है। इस कटौती का मुख्य कारण 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत रक्षा आयात कम करने और घरेलू रक्षा उद्योग को बढ़ावा देना है। वायु सेना के लिए 57 एमएमआरसीए लड़ाकू विमान 'मेक इन इंडिया' के तहत भारत में ही बनाये जाएंगे। दरअसल, भारतीय वायुसेना ने 2007 में ही अपने लड़ाकू बेड़े में 126 मीडियम मल्टी रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एमएमआरसीए) की कमी होने की

जानकारी देकर रक्षा मंत्रालय के सामने खरीद का प्रस्ताव रखा था। इस पर फ्रांसीसी कंपनी दसॉल्ट एविएशन से 126 राफेल फाइटर जेट का सौदा किया जा रहा था। बाद में यह प्रक्रिया रद्द करके नए सिरे से सिर्फ 36 राफेल विमानों का सौदा किया गया। इस तरह 126 के बजाय 36 विमानों का सौदा होने से वायुसेना के बेड़े में 90 विमानों की कमी बरकरार रही। इस बीच भारतीय वायुसेना के लिए 83 लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस एमके-1ए की डील पिछले साल एयरो इंडिया के दौरान पूरी की गई। वायु सेना ने राफेल और तेजस खरीदने के बाद 1.3 लाख करोड़ से 114 और लड़ाकू विमान खरीदने की योजना पर ध्यान केंद्रित करके नए प्रकार के सिंगल इंजन वाले 114 एमएमआरसीए खरीदने का प्रस्ताव सरकार के सामने रखा। दुनियाभर की कई बड़ी रक्षा कंपनियों ने इस सौदे के लिए दिलचस्पी भी दिखाई, जिनमें अमेरिका, फ्रांस, रूस और स्वीडन की कंपनियां शामिल हैं।

रूस से तेल नहीं खरीदेंगे यूरोपीय देश

ब्रसेल्स। यूक्रेन पर रूस के हमले के तीन महीने से अधिक बीत जाने के बाद यूरोपीय देशों ने रूस से तेल न खरीदने का फैसला किया है। यूरोपीय यूनियन के 27 देशों के बीच इस वर्ष के अंत तक रूस से तेल के आयात में 90 प्रतिशत तक कटौती करने का समझौता हुआ है। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से यूरोपीय यूनियन से जुड़े देश रूस पर तमाम पाबंदियां लगाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। यूरोपीय देशों की तमाम कोशिशों के बावजूद रूस पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। अब यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के बीच रूस से कच्चे तेल के

आयात पर रोक के लिए हुए समझौते को इस समूह की रूस पर दबाव बनाने की कामयाब रणनीति माना जा रहा है। यूरोपीय यूनियन के देशों के बीच सहमति बनी है कि इस साल के अंत तक वे रूस से तेल के आयात में 90 फीसदी तक कटौती करेंगे।

खबर संक्षेप

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर 3 जून को

सहसों। श्री राम सेवा समर्पण समिति द्वारा स्वर्गीय पंडित प्रेम धर द्विवेदी जी के प्रथम पुण्यतिथि पर रिती आई केयर अस्पताल सिविल लाइन प्रयागराज के सौजन्य से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन 3 जून शुक्रवार को होना है। जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा विभिन्न प्रकार की आंखों की जांच होगी। शिविर स्थान दूबे जी आवास सहसों बाजार रामलीला मैदान के पीछे सुबह 9 बजे से 2 बजे तक होगी। उक्त आशय की जानकारी आयोजक शशांक धर द्विवेदी ने दिया।

एक तमंचा दो कारतूस के साथ एक युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

मऊआइमा। एक संदिग्ध युवक को पुलिस ने दौडा कर पकड़ लिया। जिसके पास से एक तमंचा दो जीवित कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बकराबाद निवासी एक युवक संदिग्ध हालात में घूम रहा था। पुलिस को देख कर भागने लगा। जिसे पुलिस ने दौडा कर पकड़ लिया। गिरफ्तार युवक ने अपना नाम कमलेश कुमार पटेल पुत्र जगदेव पटेल बताया। जामा तलाशी में उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा दो जीवित कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने कमलेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया ।

जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार घायल

घूरपुर। शहर की ओर से बाइक घूरपुर की ओर जा रहे एक बाइक को इरादतगंज हवाईपट्टी की ओर से अचानक हाइवे पर आए जेसीबी ने जोरदार टक्कर मार दी । जिससे बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गया । मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया।

झूंसी दुबावल गांव निवासी विनय दुबे (30) अपनी बाइक से बुधवार की सुबह घूरपुर के बिरवल गांव अपनी भाभी को बुलाने जा रहा था । अभी उसकी बाइक इरादतगंज रेलवे ओवर ब्रिज को पार करके हवाईपट्टी तिराहे पर पहुंची थी कि हवाई पट्टी की ओर से आये एक जेसीबी ने विनय की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे विनय बाइक समेत सड़क पर गया और उसका पैर टूट गया ।

पुलिया से टकराकर नीचे गिरे बाइक सवार तीन युवकों की हुई मौत

रत्योंरा महुआव मार्ग नैड़ी गाँव के पास हुआ हादसा

घटना के बाद मृतक के रोते बिलखते परिजन व गांव की महिलाएं

अखंड भारत संदेश

रत्योंरा। कोरांव थाना क्षेत्र के नैड़ी गांव में मंगलवार की रात्रि को एक बारात से दूसरे बरात में जा रहे तीन बाइक सवार युवकों की सड़क हादसे में मौत हो गयी। हादसा बीती रात को दो बजे के आस पास का है। जानकारी के मुताबिक बिनय कुमार सिंह पुत्र विंध्यवासिनी प्रसाद सिंह (18) निवासी चंदापुर थाना कोरांव अपने दो साथियों रोहित सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह (20) व श्याम सुंदर सिंह उर्फ मोनू पुत्र अमर बहादुर सिंह (24) निवासी भरतीपुर थाना कोरांव तीनों एक ही बाइक पर सवार हो कर बाइक से ककरहा गांव बारात में गए हुए थे। रात्रि एक बजे के करीब श्याम बहादुर सिंह उर्फ मोनू अपने साथियों के साथ अपनी ससुराल हरदिहा लापर गांव निमंत्रण में जा रहे थे। तीनो साथी जैसे ही नैड़ी गांव के नहर पुलिया के पास पहुंचे बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराकर पुलिया से नीचे गिर गयी। हादसे में बाइक सवार तीनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। देर रात्रि का समय होने के कारण आवागमन बंद था। काफी देर तक घटना स्थल पर पड़े रहने के कारण अत्यधिक रक्तश्राव होने के कारण तीनो युवको की मौके पर ही मौत हो गयी। जब हादसे में मौत की सूचना परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया। आनन फानन में पंहुचे परिजनों ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जांच उपरांत तीनो युवको को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनो मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। श्याम सुंदर सिंह की शादी छ वर्ष पूर्व मेजा थाना क्षेत्र के हरदिहा गांव में हुई थी। मृतक श्याम सुंदर दो पुत्रों का पिता था। जबकि दो अन्य साथियों की अभी शादी भी नहीं हुई थी। घटना के बाद तीनों मृतक परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर महिला की मौत, पिता और बेटा घायल

घटना स्थल पर जमा भीड़

घटना के बाद लोगों की लगी भीड़

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड। मेजा थाना क्षेत्र के मेजारोड बाजार में अनियंत्रित पिकअप ने बाइक सवार महिला को कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। मिली जानकारी के अनुसार शना बानो (24) अपने पति साबिर अली तथा साथ में रहा मासूम बेटा बाबू, निवासी बरहा कला थाना मांडा बाइक से अपनी बहन के घर सराय इनायत दवा लेने के लिए जा रही थी। जैसे ही वह मेजारोड बाजार के सिरसा मार्ग के हनुमान मंदिर के समीप पहुंची ही थी कि सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दिया जिससे शना बानो बीच सड़क छिटककर जा गिरी और पिकअप चालक कुचलते हुए मौके से भाग निकला। जहां घटनास्थल पर ही सना की मौत हो गई तथा साथ में राम मासूम बेहोश हो गया तथा पति साबिर अली बाल-बाल बच गए आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से मासूम बेटे को हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी परिजनों को दिया घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।

अनियंत्रित स्कार्पियो ने मारा टक्कर कबाड़ी की मौत

मेजा रोड । मेजा थाना क्षेत्र के चौकठा में अनियंत्रित स्कार्पियो ने कबाड़ी वाला मोहम्मद हामिद को जोरदार टंकर मारा जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। मिली जानकारी के अनुसार पट्टी नाथ राय तकिया मोहम्मद हामिद ने कबाड फेरी का काम करते थे वे वापसी लगभग 1बजे गौरा चौकठा गुगे के समिप पहुंचे थे तभी पिछे से आ रही स्कार्पियो ने जोरदार टंकर मार दिया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी परिजनों को दिया घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।

स्टॉक रजिस्टर अपूर्ण, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी गैर हाजिर

सीएमओ की निरीक्षण में खुली हाईफाई सीएचसी शंकरगढ़ की पोल

निरीक्षण करते मुख्य चिकित्साधिकारी

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अपनी आदतों में सुधार नहीं ला रहे हैं। मंडलायुक्त, जिलाधिकारी से लेकर सीएमओ तक अनवरत अस्पतालों का भ्रमण कर उपस्थिति और व्यवस्था में सुधार की हिदायत दे रहे हैं, पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। कुछ इसी तरह की स्थिति सीएचसी शंकरगढ़ की नजर आई, जब मुख्य चिकित्साधिकारी डा. नानक सरन यहां का मुआयना करने पहुंचे।सीएमओ डा. नानक सरन ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी नेम कुमारी अनुपस्थित पायी गई। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ ने एक दिन का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने का निर्देश दिया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई, जिसे सुधारने एवं अन्य प्रबंधन को सही करने के लिए निर्देश दिया गया। अस्पताल परिसर में दीवारों एवं छतों से जाले हटाने का निर्देश दिया तथा मरीजों तथा जनप्रतिनिधियों से मधुर व्यवहार करने तथा पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु निर्देशित किया।वहीं दवाइयों एवं अन्य सामग्रियों से संबंधित स्टॉक रजिस्टर अपूर्ण पाए गए, जिसे अद्यतन करने का निर्देश दिया गया। मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ शैलेंद्र सिंह, डॉ अभिषेक सिंह, डॉ अनूप सिंह समेत तमाम कर्मचारी उपस्थित रहे।

59 एसोसिएट प्रोफेसर की प्रोफेसर पद पर पदोन्नति

प्रयागराज। प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों के 59 शिक्षकों को कॅरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति दी गई है। यह प्रोन्नति एक नवंबर 2021 से लागू होगी। ऐसे में शिक्षकों को नवंबर 2021 से ही बढ़े हुए वेतन का एरियर मिलेगा। उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमित भारद्वाज ने मंगलवार को पदोन्नति आदेश जारी किया। प्रमोशन पाने वालों में उच्च शिक्षा निदेशालय के तीन सहायक निदेशक भी शामिल है। इनकी मूल तैनाती राजकीय डिग्री कॉलेजों के लिए हुई थी, लेकिन इन दिनों वह निदेशालय में प्रशासनिक जिम्मेदारियां संभाल रहे हैं। सहायक निदेशक डॉ. बीएल शर्मा, डॉ. जय सिंह और डॉ. शैलेंद्र कुमार तिवारी को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर के पद पर प्रमोशन दिया गया है। हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय पीजी कॉलेज नैनी के डॉ. ओम प्रकाश, डॉ. सुवर्णा सरकार, डॉ. राजेश कुमार पांडेय, डॉ. अवधेश कुमार झा, डॉ. सविता कुमारी श्रीवास्तव, चयन बोर्ड के पूर्व सदस्य डॉ. केशरी नंदन मिश्र, डॉ. मंजूलता, डॉ. महेंद्र प्रसाद, डॉ. नीतू सिंह और महामाया राजकीय महाविद्यालय धनूपुर हंडिया के डॉ. पद्म सिंह, डॉ. संजय प्रसाद शर्मा को भी एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति मिली है।

न्यूज झरोखा

एनसीसी कमान कार्यालय में योग शिविर आयोजित

प्रयागराज। नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के योग प्रशिक्षक संतोष कुमार शुक्ल ने एनसीसी कमान कार्यालय, चैथम लाइन्स परिसर में योग प्रशिक्षण प्रदान किया। योग प्रशिक्षण में उन्होंने सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, आदि का अभ्यास कराया। योग अभ्यास में सहायक प्रशिक्षक के रूप में शिवा दुबे रहे। इस अवसर पर एनसीसी कमान कार्यालय के सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

बरेस्ता कला गांव में काली मां की आज होगी मूर्ति स्थापना

प्रतापपुर। विकास खण्ड क्षेत्र के शुक्ल का पूरा, बरेस्ता कला गांव में समाजसेवी व अन्नपूर्णा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित उमाशंकर दुबे के सहयोग से शक्ति पीठ माता काली के चौरा माता और मंदिर निमार्ण कार्य अपनी भव्यता को प्राप्त कर रहा है।नवनिर्मित मंदिर में गुरुवार को मूर्ति स्थापना के बाद पूजन, दुर्गा चालीसा और शाम को महाप्रसाद का भी आयोजन है।उक्त आशय की संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए समाजसेवी विनय दुबे और सूर्या यादव ने बताया कार्यक्रम में चन्द्र प्रकाश दूबे प्रवक्ता केंद्रिय माध्यमिक शिक्षा परिषद की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी और लोगो से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में सम्मलित होने के लिए अपील किया है।



किशोर के सर में लगी थी गोली परिजन समझ रहे थे हादसा

झूंसी। थाना क्षेत्र में छत पर खड़े एक किशोर के सर में गोली लग गई जिससे वह छत से नीचे गिर गया। परिजन हादसा समझकर उसे एसआरएन अस्पताल में इलाज के लिए गए सीटी स्कैन के बाद गोली लगने की पुष्टि हुई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। नीबी गांव निवासी राज शर्मा 16 पुत्र दीनानाथ मंगलवार की रात छत से नीचे गिर गया परिजन आनन फानन में उसे एसआरएन अस्पताल ले गया जहाँ उसका इलाज चल रहा था। बुधवार को राज का सिटी स्कैन कराया तो पता चला कि उसके सर में गोली फंसी हुई है। परिजन दंग रह गए और घायल राज को प्राइवेट हॉस्पिटल लेगए। गन शॉट का मामला होने की वजह से प्राइवेट हॉस्पिटल पुलिस केस बताकर एडमिट करने से मना कर दिया तो मामले सूचना झूंसी पुलिस को दी गई मौके पर पहुची पुलिस ने घायल राज को एसआरएन में भर्ती करा कर मामले दर्ज कर लिया। झूंसी इंस्पेक्टर एसपाल सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही घायल के होश में आने के बाद स्पस्ट हो जायेगा की उसे गोली कैसे लगी।

नंद के आनंद भयो , भजन पर श्रोता झूम उठे

अखंड भारत संदेश

सहसों। क्षेत्र के कोतारी गांव में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ की संगीतमय कथा आचार्य कथा व्यास द्वारा श्रोता भक्तों को श्रवण कराया जा रहा है। कथा के चौथे दिन कथा व्यास आचार्य श्री विनोद माधव जी महाराज ने राजा बली के अहंकार की कथा सुनाते हुए कहा भगवान वामन अवतार लेकर राजा बली के अहंकार को चूर करने के लिए उसके दरवाजे पर पधारे, राजा बली ने ब्राह्मण बालक समझकर दान मांगने को कहा जिस पर भगवान वामन ने राजा बली से 3 पग जमीन की इच्छा जताई फिर भी राजा बली समझ न सका, दो पग में ही भगवान ने राजा बली का पूरा साम्राज्य नाप दिया। आश्चर्यचकित होकर राजा बली ने अपने अंदर की अहंकार को त्याग कर भगवान के चरणों में शरणागत हो गया। कथा व्यास ने बताया कि मनुष्य को कभी भी अपने अंदर अहंकार को नहीं रखना चाहिए, चाहे वह दान हो या भक्ति हो एक न एक दिन हर मानव का अहंकार भगवान ग्रहण कर लेते हैं। तत्पश्चात कथा व्यास में भगवान कृष्ण कन्हैया के जन्मोत्सव की कथा सुनाते हुए कहा कि जब जब इस धरा भूमि पर दैत्य शक्तियों का अनाचार, पापाचार, अधर्म बढ़ता है तब-तब भगवान को बाल रूप में अपने भक्तों की रक्षा के लिए अवतरित होना पड़ता है। श्री कृष्ण के जन्म का प्रसंग व उनके जन्म लेने के गुढ़ रहस्य की कथा को बड़ी ही संजीदगी के साथ सुनाते हुए कथा व्यास ने कहा कि उनकी लीला वे ही जाने श्री कृष्ण का जन्म मथुरा के कारागार में हुआ परंतु उनका जन्मोत्सव गोकुल में नंद के घर माता यशोदा की गोद में मनाया गया। भगवान की जन्म उत्सव की कथा सुनकर श्रोता भक्तों ने भाव विभोर होते हुए भगवान के जयकारे लगाए पूरा कथा पंडाल भगवान के जयकारे से गुंजायमान हो उठा मानो गोकुल नगरी ही आ पहुंची। नंद के आनंद भयो जय कंहैया लाल की। हाथी घोड़ा पालकी जय हो गोपाल की।। मनोहारी सुंदर भजन पर उपस्थित भक्त नर नारियों ने झूम उठे, इस पर कथा पंडाल में भगवान कृष्ण कन्हैया की झांकी भी प्रस्तुत की गई। भगवान कान्हा श्याम की रसभरी मनोहरी अद्भुत जन्मोत्सव का प्रसंग सुनकर सभी श्रोता भक्त भाव विभोर होते हुए आनंदित हुए। कथा के पश्चात मुख्य यजमान विद्वान प्रसाद मिश्र द्वारा व्यासपीठ, यज्ञशाला एवं आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी उपरांत सभी श्रोता भक्तों में प्रसाद का वितरण कराया गया। इस अवसर पर मुख्य आयोजक चिंतामणि मिश्र एवं धीरेंद्र कुमार मिश्र, आशीष कुमार मिश्र, विनीत कुमार, अतुल, आलोक कुमार, आर्यन, चिंतामणि शुक्ल, जय प्रकाश दुबे, बृजेश कुमार तिवारी, घनश्याम पांडे, अशोक कुमार पांडे सहित आदि श्रोता भक्त कथा का रसपान किए।

परमात्मा जब खुश होता है तो बिना मांगे ही सब कुछ दे देता है

सहसों। जीवन में श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता को आत्मसात कराते हुए भागवत कथा के सातवें दिन कथा विश्राम दिवस पर कथा व्यास आचार्य देवव्रत जी महाराज ने श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता एवं परीक्षित मोक्ष का सजीव वर्णन करते हुए कहा कि जीवन में श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता को आत्मसात करना चाहिए समाज में लोग उनकी मित्रता का मिसाल देते हैं। उन्होंने कहा समाज में समरसता एवं समभाव का संदेश देने वाले ऐसे अद्वितीय भगवान श्री कृष्ण व सुदामा के चरित्र युगो युगो तक सभी के लिए सामाजिक समरसता व समभाव का संदेश देता रहेगा। कथा व्यास ने कहा कि दीन हीन सुदामा पत्नी के कहने पर अपने मित्र श्री कृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचते हैं। परंतु द्वारपालों द्वारा उनकी दशा को देखकर महल में जाने से रोक दिया जाता है। काफी अनुनय विनय के बाद भगवान श्री कृष्ण को जब अपने मित्र सुदामा का संदेश मिलता है। वह नंगे पांव दौड़ते हुए पहुंचते हैं तथा गले लगा कर राजमहल में ले आते हैं। भगवान अपनी अश्रु धारा से उनके पांव पखारने के पश्चात आव भगत करते हुई बिना मांगे ही पूरा ऐश्वर्य दे दिया। उन्होंने कहा प्रभु भक्तों के ऊपर आने वाली विपत्ति के समय पहुंच कर उसे दूर करते हैं। परीक्षित की कथा का रसपान कराते हुए कहा शापित राजा परीक्षित को सातवें दिन तक्षक नाग के डसने से मृत्यु का भय सताता है। जिस पर वे श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण सुखदेव जी से करते हैं तो उन्हें मृत्यु का भय नहीं सताता और उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथा के विश्राम पर मुख्य यजमान शोभा लाल तिवारी, जितेन्द्र तिवारी, संतोष तिवारी तथा अशोक तिवारी व गायत्री तिवारी ने विधि विधान से व्यासपीठ की पूजा की तत्पश्चात आवाहित देवताओं एवं यज्ञ मंडप की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर योगेश तिवारी, मुकेश तिवारी, वकील तिवारी, शिवा त्रिपाठी, शंभू नाथ तिवारी, विजय कुमार तिवारी , भारत लाल मौर्या, अमरजीत मौर्य , मुन्नी लाल मौर्या, अजीत पांडे, वेदमणि तिवारी, चिंतामणि शुक्ला , अशोक पांडे , दुर्विजय सिंह , कृष्ण चंद्र पांडे, राजेंद्र पांडे,भोलानाथ केसरवानी सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया।

शिमला में आयोजित गरीब कल्याण सम्मेलन कार्यक्रम का किया गया लाइव प्रसारण

अखंड भारत संदेश

जिला पंचायत सभागार में किया गया लाभार्थियों को सम्मानित

प्रयागराज। जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम मे विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को किया गया सम्मानित माननीय प्रधानमंत्री जी के शिमला में आयोजित गरीब कल्याण सम्मेलन कार्यक्रम का जिला पंचायत सभागार तथा विकासखण्डो एवं कृषि विज्ञान केन्द्रो पर लाइव प्रसारण किया गया, शिमला में आयोजित कार्यक्रम मे माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा देश के कई राज्यों के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियो से संवाद भी किया गया तथा माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा लोगो सम्बोधित भी किया गया। शिमला में आयोजित कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 10 करोड़ से ज्यादा किसानो को 21 हजार करोड़ रुपए से अधिक की ग्याहरवीं किस्त का बटन दबाकर हस्तांतरण भी किया गया। शिमला में आयोजित माननीय प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम में वर्चुवल रूप से प्रतिभाग करते हुए माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा उत्तर प्रदेश के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियो से संवाद किया गया और उनके द्वारा संबोधित भी किया गया। जिला पंचायत सभागार में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय सांसद डॉ0 रीता बहुगुणा जोशी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय सांसद श्रीमती केशरी देवी पटेल के द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभाथियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया, सम्मानित होने वाले लाभाथियों में पीएम आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, किसान सम्मान निधि योजना, अमृत योजना, पीएम स्वःनिधि योजना, मुद्रा योजना, बैक समूह सखी, ग्रामीण अजीविका मिशन सहित अन्य योजनाओं के लाभाथियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया, बैक समूह सखी के लाभाथियों को साड़ी, मुद्रा योजना एवं पीएम स्वःनिधि योजना के लाभाथियों केा ऋण स्वीकृत पत्र तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभाथियों को चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, जिला विकास अधिकारी अशोक कुमार मौर्या, उप निदेशक कृषि बिनोद कुमार तथा अन्य सम्बन्धित विभागो के अधिकारीगण तथा विभिन्न योजनाओ के लाभार्थीगण उपस्थित रहें।

कम्प्यूटर सहायक के तीन पदों के लिए 950 ने दी परीक्षा

प्रयागराज। लोक सेवा आयोग की ओर से प्रोग्रामर श्रेणी-2/ कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड बी/ प्रबंधक (सिस्टम) परीक्षा 2021 के तहत भर्ती परीक्षा शनिवार को दो पालियों में लखनऊ में कराई गई। सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड बी के तीन पदों की परीक्षा में 2528 अभ्यर्थियों में से 950 (37.57 प्रतिशत) शामिल हुए। प्रोग्रामर श्रेणी-2 परीक्षा के एक पद के लिए दो से चार बजे तक हुई परीक्षा में 590 अभ्यर्थियों में से 203 (34.40 फीसदी) शामिल हुए। सचिव जगदीश के अनुसार परीक्षा सकुशल एवं शुचितापूर्वक हुई।

एसएसएल हॉस्टल में 30 छात्रों को कमरे आवंटित

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सर सुंदर लाल छात्रावास में बुधवार को 30 और छात्रों को कमरे आवंटित किए गए। छात्रावास अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि अनियमित तरीके से काबिज 30 छात्रों से कमरे खाली कराते हुए 2020-21 और 2021-22 सत्र के छात्रों को आवंटित किया गया। पूर्व में तकरीबन 100 छात्रों से भी कमरे खाली कराए गए थे।

वृक्षों की उपयोगिता मानव जीवन के लिए अत्यंत जरूरी है : देव कुमार

अखंड भारत संदेश

करछना। विकासखंड करछना ने आयोजित वृक्षारोपण प्रशिक्षण कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी करछना देव कुमार नें बताया कि गांवो में आगामी महीने जुलाई में व्यापक पैमाने पर वृक्ष लगाए जाएंगे इसके लिए अभी से तैयारियां करनी जरूरी है जिसको लेकर वन विभाग करछना तथा विकास खंड करछना के पंचायत सचिव एवं कर्मचारियों को एक प्रशिक्षण के दौरान यह बताया गया कि वृक्षों के लगाने की विधि उसके रखरखाव से वृक्षों की उपयोगिता के बारे में लोगों को प्रशिक्षण दिया गया खंड विकास अधिकारी करछना देव कुमार ने ब्लॉक परिसर में वृक्ष लगाकर लोगों को संदेश दिया वहीं वन विभाग के अधिकारियों ने प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत सचिवों को बताया गया कि प्रधान के नेतृत्व में मनरेगा मजदूरों के माध्यम से गांव में खाली पड़ी जमीन पंचायत भवनों के आसपास स्कूलों के अगल-बगल अभी से 3 मीटर के फासले पर गड्ढों की खुदाई का कार्य प्रारंभ कर दें तथा उसकी देखभाल के लिए समय-समय पर प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वृक्षों को बचाएं तथा समय-समय पर वृक्षों को पानी खाद्य पदार्थ, पानी समय पर देकर पर्यावरण को बचाने में योगदान दें, प्रशिक्षण में बताया गया कि मानव जीवन के लिए वृक्ष लगाना अत्यंत जरूरी है इस मौके पर वन दरोगा दिलीप मालवीय एवं खंड विकास अधिकारी देव कुमार, एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा , एडीओ आईएसबी रामेश्वर सिंह ,पंचायत सचिव कमल सिंह, मनीष कुमार यादव ,अमित कुमार यादव, संजीव कुमार श्रीवास्तव, सचिन कुमार, महेंद्र कुमार यादव ,राम सकल ,अब्दुल बारी,आदित्य कुमार, मनीष शुक्ला, सहित सभी ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे प्रशिक्षण के दौरान दो महिला पंचायत सचिव अनुपस्थित रही।

खबर संक्षेप

डीआईओएस ने वेतन रोकने का आदेश लिया वापस

प्रयागराज। जिला विद्यालय निरीक्षक आरएन विश्वकर्मा ने जिले के 36 तदर्थ शिक्षकों के वेतन रोकने संबंधी अपने 20 मई के आदेश को वापस ले लिया है। 24 मई को जारी संशोधन में डीआईओएस ने लिखा है कि अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्ला की अध्यक्षता में 19 मई को आयोजित बैठक में मिले निर्देश के क्रम में वेतन रोका गया था। लेकिन शासन स्तर से कोई लिखित आदेश प्राप्त होने तक 20 मई के आदेश को वापस लिया जाता है।

इग्नू के जुलाई 2022 सत्र में प्रवेश को भरें फॉर्म

प्रयागराज। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) नई दिल्ली के जुलाई 2022 सत्र में नवीन प्रवेश शुरू हो गया है, जिसकी अंतिम तिथि 30 जून है। इच्छुक अभ्यर्थी स्नातक और परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। एडीसी कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन है। पूर्व से पंजीकृत छात्र-छात्राओं का पुनः नामांकन भी 30 जून तक होगा।

जिलाधिकारी ने भारद्वाज आश्रम, चन्द्रशेखर आजाद पार्क एवं उल्टा किला झूंसी का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने भारद्वाज आश्रम का निरीक्षण करते हुए नगर निगम के अधिकारियो को वहॉ पर साफ-सफाई की बेहतर ढ़ग से व्यवस्था कराने के निर्देश दिये है, साथ ही आगामी कुम्भ के दृष्टिगत आश्रम के सौन्दर्यीकरण व मरम्मत के सम्बन्ध में मन्दिर के पुजारियो एवं अधिकारियो से जानकारी ली कि मन्दिर में और बेहतर करने के लिए क्या कराया जा सकता है, तत्क्रम में जिलाधिकारी द्वारा कम्पनी बाग का भी निरीक्षण किया गया वहॉ पर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए उद्यान अधीक्षक को निर्देशित किया

भरद्वाज आश्रम का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

उल्टा किला का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

साथ ही कम्पनी बाग में टूटे हुए गमलो को एक सप्ताह के अन्दर बदले का भी निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने सिटी मजिस्ट्रेट को कम्पनी बाग की निरन्तर मानीटरिंग करते रहने के निर्देश दिये है। इसी क्रम में उन्होंने झूँसी स्थित उल्टा किला का भी निरीक्षण किया तथा उसके बारे में जानकारी लेते हुए वहॉ पर नगर निगम को मार्गो पर स्ट्रीट लाइट एवं साफ-सफाई की व्यवस्था नियमित रूप से कराये जाने के निर्देश दिये है, वहॉ उन्होंने मन्दिर के पुजारी से जानकारी ली तथा पूरे परिसर का भम्रण किया। इस अवसर पर एसडीएम फूलपुर सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

जन मिलन में जनता की समस्याओं को सुनते जिलाधिकारी

सम्बन्धित अधिकारियो को शिकायती प्रार्थनापत्रो को समय बद्ध रूप से गुणवत्ता पूर्ण ढग से निस्तारित करने दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री जन मिलन में जनता की समस्याओं को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को शिकायती प्रार्थनापत्रो को गुणावत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये है, उन्होंने अधिकारियो को निर्देशित किया है, कि जो भी प्रार्थनापत्र आये, उसका समय बद्धता एवं गुणवत्तापूर्वक निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। जनता की शिकायतो के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता नही होनी चाहिये।

कड़ी धूप में न्याय के लिए भटक रही है सीता....

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय प्रयागराज में एक अलग वाक्या देखने को मिला, सीता देवी नामक एक महिला अपने दो छोटे छोटे बच्चों के साथ अपने पति राजकुमार सोनी को न्याय दिलाने के लिए फरियाद लेकर आई थी, विगत चार पांच दोनों से फाफामऊ पुलिस आधी रात को शांतिपूरम् कॉलोनी फाफामऊ में स्थित महिला के घर पर जाकर बहुत प्रताड़ित कर रही है और महिला को शक है कि पुलिस हमारे पति राजकुमार सोनी को कहीं झूठे मुकदमें में फंसाकर जेल ना भेज दे, जबकि महिला का कहना है कि मेरे ससुर, देवर और देवरों के कुछ दोस्तों द्वारा मेरे पति को फर्जी तरीके से मुकदमे में फंसाना चाहते है, जबकि मेरा पति प्राईवेट सवारी गाड़ी चलाकर परिवार का पालन पोषण कर रहा है, अंत में सीता देवी अपने दोनों छोटे बच्चों को सम्भालते

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर बच्चों को साथ मौजूद सीता

हुए लोगों से रोते हुए गोहार लगा रही थी की कोई है जो इस दुनिया में जो मेरे बेगुनाह पति को न्याय दिला दे, मैं माननीय न्यायालय व उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी से प्रार्थना करती हूँ कि मेरे पति का नार्को टेस्ट करा ले,जिससे सबको पता चल जाये कि मेरे पति बेगुनाह है, फिर रोते हुए बदहवास होकर एक प्रार्थना देखाते हुए गुमसुम पुलिस कार्यालय में एक पेड़ के नीचे न्याय की आस लिये बैठ गई।

नए यमुना ब्रिज की मरम्मत के दौरान 150 किमी का रहेगा डायवर्जन

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। यमुना नदी पर बने नए पुल की मरम्मत के लिए 14 करोड़ रुपये स्वीकृत हो चुके हैं। जून के दूसरे सप्ताह से मरम्मत का कार्य शुरू हो सकता है। फ्रांस की कंपनी को इसका टेंडर दिया जा चुका है। आवागमन के लिए इस पुल की शुरूआत 2004 में हुई थी। एनएचएआइ (राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण) के अधिकारियों का कहना है जिला प्रशासन से यातायात डायवर्जन की अनुमति मिलते ही मरम्मत शुरू की जाएगी। काम पूरा होने में करीब छह महीने का समय लग सकता है। इसके कारण डेढ़ सौ किमी से ज्यादा का रूट डायवर्जन किया जाएगा।

बेयरिंग की मरम्मत जरूरी है 18 से 20 साल में :

लगभग 18 से 20 वर्ष में पुल की बेयरिंग की मरम्मत की आवश्यकता होती है। इस पुल को लगभग 18 वर्ष पूरे हो रहे हैं। लगभग 1200 मीटर लंबे पुल की मरम्मत के दौरान आवागमन अलग-अलग समय पर रोका जाएगा। छोटे वाहनों का इस पर आवागमन जारी रहेगा। कार व इससे बड़ी गाडि?ों के लिए यातायात विभाग से सुझाव मांगा गया है। पुल की मरम्मत के दौरान रीवा राजमार्ग के अलावा मीरजापुर और बांदा, चित्रकूट जाने के लिए वाहनों को लंबी दूरी तय करनी पड़ सकती है। छोटी गाडि?ों को

पुराने पुल से पास कराने की योजना है। इस पुराने पुल को भी जल्द दुरुस्त किया जाएगा। पुराने पुल के दोनों किनारे पर अंडरपास की सड़क का मरम्मत कराया जाएगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सर्वे कर चुका है। जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू हो जाएगा।

कौशांबी और औराई होकर आ सकेंगे वाहन :

यातायात पुलिस की प्लानिंग के मुताबिक सौ से डेढ़ सौ किमी का रूट डायवर्जन होगा। मध्य प्रदेश के रीवा, जबलपुर आदि शहरों से आने वाले भारी वाहनों को डेढ़ सौ किमी से ज्यादा का चक्कर पड़ेगा। इसी तरह मध्य प्रदेश के सीधी, शहडोल से आने वाले वाहनों को भी 150-160 किमी अतिरिक्त चलना पड़ेगा। चित्रकूट, बांदा, झांसी से आने वाले बड़े वाहनों को 50 से 60 किमी की अतिरिक्त दूरी तय करनी होगी।यातायात पुलिस के अनुसार मध्य प्रदेश के रीवा, सीधी, शहडोल, जबलपुर, उमरिया, सतना से आने वाले भारी वाहनों का रूट डायवर्जन गौहनिया से होगा। भारी वाहन गौहनिया से जसरा, शंकरगढ़ होते हुए चित्रकूट के मऊ, राजापुर फिर कौशांबी के महेवा घाट, मंझनपुर होते हुए प्रयागराज आ सकेंगे। इसी तरह झांसी, महोबा के वाहन कानपुर की ओर से आएंगे जबकि बांदा, चित्रकूट के वाहन महेवा घाट, कौशांबी होकर अंदावा से प्रयागराज आएंगे। सोनभद्र और मीरजापुर से आने वाले वाहन औराई अथवा गोपीगंज होकर आ सकेंगे। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र से प्रयागराज होकर लखनऊ, गोरखपुर की ओर जाने वाले बड़े वाहनों को भी कौशांबी अथवा औराई होकर ही जाना पड़ेगा। बताते हैं कि नए यमुना पुल का विकल्प अभी लगभग सौ किमी की दूरी पर है। मीरजापुर में गंगा पर तथा कौशांबी के महेवा घाट पर यमुना का पुल है।

दोनों पुलों पर तैनात होंगे 100 यातायात पुलिसकर्मी :

नए यमुना पुल तथा पुराने यमुना ब्रिज पर सुगम आवागमन के लिए यातायात पुलिस के 100 जवान तैनात होंगे। इसके अलावा दोनों पुलों पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर, ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर भी तैनात होंगे। यातायात पुलिस निरीक्षक प्रथम अमित कुमार ने बताया कि इसके लिए प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेज दिया गया है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के गेट पर खड़ी कार में लगी आग

मुकदमों की सुनवाई के दौरान मचा हड़कंप, फायर सर्विस के दारोगा समेत 2 कर्मी हुए निलंबित

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट के गेट नंबर-1 के पास बुधवार दोपहर करीब 3 बजे एक फोर व्हीलर में अचानक आग लग गई। देखते-देखते आग की लपटें इतनी तेज हो गईं कि उसने दूसरी फोर व्हीलर को भी चपेट में ले लिया। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।जिस जगह गाड़ी खड़ी थी, उसके आसपास 12 फोर व्हीलर और खड़ी थीं। इसके बाद जैसे ही आग की सूचना वकीलों और मुकदमे के लिए आए को हुई, उन्होंने अपनी-अपनी गाड़ियां वहां से हटाना शुरू कर दिया। वहींएसएसपी अजय कुमार ने आग बुझाने के लिए देरी से पहुंचने मामले को गंभीरता से लेते हुए फायर सर्विस के दारोगा समेत 2 कर्मियों को निलंबित कर दिया। साथ ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी की भी भूमिका की जांच की जाएगी।

हाई कोर्ट गेट के सामने जल रही कार

दो कारें पूरी तरह जलकर राख : हाईकोर्ट के गेट नंबर एक पर जब आग लगी, तो उस वक्त वहां फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी खड़ी थी। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन पानी का प्रेशर नहीं बन पाया। इसके चलते देखते ही देखते आग बेकाबू हो गई। बगल में खड़ी दूसरी कार को भी उसने चपेट में ले लिया। सूचना पाकर सिविल लाइन स्थित फायर स्टेशन से तीन और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। मगर, इससे पहले दो कारें पूरी तरह जल चुकी थीं।

गर्मी में कार का शीशा थोड़ा खोल कर रखें : आग की इस प्रकार की घटना पर भास्कर ने कार मैकेनिक और गैराज के मालिक संजय कुमार से बात की। संजय ने बताया कि गर्मी के दिनों में बैटरी भी गर्म हो जाती है। इसकी वजह से शॉर्ट सर्किट होने की आशंका बहुत ज्यादा रहती है। चूंकि प्रयागराज में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। ऐसी परिस्थितियों में लोगों को अपनी कार का सीसा थोड़ा खोलकर रखना चाहिए। यदि ऐसा संभव न हो तो कार के अंदर बने वेंटिलेटर मोड को आउटर पर लगा देना चाहिए, ताकि अंदर की गर्मी बाहर निकलती रहे ।

आग पर काबू पाने का प्रयास करते दमकल कर्मी

चीफ फायर सर्विस आफिसर की रिपोर्ट पर कार्रवाई : एसएसपी को भेजी रिपोर्ट में चीफ फायर सर्विस आफिसर ने बताया कि पुलिस कन्ट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि उच्च न्यायालय के गेट संख्या 01 के सामने एक कार में आग लग गई है, इस सूचना पर तत्काल पूरी तैयारी के साथ फायर सर्विस की टीमों को भेजा गया, परन्तु वहां पहुंचने पर ज्ञात हुआ है कि दमकल की गाड़ी को फायर सर्विस सेकंड आफिसर (दारोगा) के द्वारा वहां लाया गया, दमकल की गाड़ी का मुख्य आरक्षी चालक राजबली अनुपस्थित पाया गया। फलतः येन केन प्रकारेण उपरोक्त दारोगा के द्वारा संचालन किया गया, जिसके कारण विलंब हुआ और न्यूनतम संभव समय में आग पर काबू नहीं पाया जा सका, फलतः 2 कारें जल गईं।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी की भी भूमिका की जांच : इस पूरे मामले की रिपोर्ट चीफ फायर सर्विस आफिसर के माध्यम से एसएसपी प्रयागराज ने तलब की । प्रथम दृष्टया घोर लापरवाही और शिथिलता पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से फायर सर्विस सेकेंड आफिसर (दारोगा) अवध नारायण तथा दमकल गाड़ी के मुख्य आरक्षी चालक राजबली, इन दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। तथा इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जिसमें मुख्य अग्निशमन अधिकारी की भी भूमिका की जांच की जाएगी।

इंदिरा भवन की सफाई शुरू, दुकानदारों को नोटिस, हटा ले अतिक्रमण

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। प्रयागराज विकास प्राधिकरण सिविल लाइंस स्थित इंदिरा भवन व्यावसायिक केंद्र का स्वीकृत नक्शा पेश नहीं कर सका, नक्शा दाखिल करने के लिए जनहित याचिका की सुनवाई कर रही मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल तथा न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की खंडपीठ से समय मांगा।और कोर्ट को बताया कि सफाई अभियान चल रहा है। अतिक्रमण हटाने के लिए दुकानदारों को नोटिस जारी की गई है। कोर्ट ने याचिका की सुनवाई की अगली तारीख 13 जुलाई नियत की है।

जनहित याचिका दायर कर अवैध कब्जे हटाने की मांग

मोहम्मद इरशाद उर्फ गुड्डू ने जनहित याचिका दायर कर इंदिरा भवन में अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। इनका कहना है कि बिना अनुमति दीवाल हटाकर सटर लगा लिए गए हैं। खाली जगहों, पोडियम, बरामदों में अवैध दुकानें धड़ल्ले से चल रही है। चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा है। विद्युत तारों का जाल बिछा है। लिफ्ट खराब रहती है। अग्नि शमन यंत्र की कमी है जिसकी सुनवाई करते हुए कोर्ट ने एडवोकेट कमिश्नर भेजा था। जिसने अपनी रिपोर्ट में आरोपों की पुष्टि की है। इस पर हाई कोर्ट ने पीडीए से भवन का स्वीकृत नक्शा पेश करने का निर्देश दिया था।

सरकारी वकीलों की फौज होने के बाद भी क्यों हायर किए जा रहे अधिवक्ता : हाईकोर्ट

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट यूपी सरकार से सख्त नाराजगी जताई है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि आपके पास 12 अपर महाधिवक्ता और 18 मुख्य स्थायी अधिवक्ता सहित वकीलों की बड़ी फौज है। इसके बावजूद विकास प्राधिकरणों, नगर निगमों और अन्य कारपोरेशन को अलग से वकील क्यों रखने पड़ रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि कुछ अपर महाधिवक्ता और मुख्य स्थायी अधिवक्ता सरकार के साथ प्राधिकरणों, निगमों की तरफ से बहस कर दोनों पक्षों से फीस ले रहे हैं। सरकार के महत्वपूर्ण मामलों में सरकार की तरफ से कोई नहीं खड़ा होता। एक वकील दोहरी फीस कैसे ले सकता है। जिस सरकारी वकील ने दोहरी फीस ली है, उससे वसूल की जानी चाहिए। आखिर पैसा टैक्स पेयर

का ही खर्च होता है। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने ईशान इंटरनेशनल एजुकेशनल सोसायटी के डायरेक्टर की अवमानना याचिका खारिज करते हुए दिया है।

कोर्ट ने मुख्य सचिव को दिया सख्त निर्देश

कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि सरकारी वकीलों की कार्यप्रणाली में बेहतरी के लिए ड्राफ्ट तैयार कर कार्रवाई के लिए कैबिनेट में पेश करें। कोर्ट ने मुख्य सचिव से कहा कि वह कैबिनेट के संज्ञान में लाएं कि 12 अपर महाधिवक्ता और 18 मुख्य स्थायी अधिवक्ताओं की जरूरत ही क्या है। जबकि सरकार का बचाव करने के लिए राज्य विधि अधिकारियों की बड़ी टीम मौजूद है। कोर्ट ने मुख्य सचिव को दो महीने में महानिबंधक को प्रगति रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है।

प्रमुख सचिव और जीडीए अफसरों के खिलाफ थी याचिका

ईशान इंटरनेशनल एजुकेशनल सोसायटी ने प्रमुख सचिव मुकुल सिंहल और जीडीए (गाजियाबाद विकास प्राधिकरण) सहित कई अधिकारियों के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने मार्केट दर से भूमि अधिग्रहण मुआवजे का अवार्ड घोषित करने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट तक मुकदमेबाजी में उलझे होने के कारण आदेश पालन में देरी की गई। मगर, कोर्ट ने कहा कि आदेश की अवहेलना की मंशा को देखते हुए कार्रवाई की जाती है।इस मामले में जान-बूझकर कर अवमानना का केस नहीं पाया गया। कोर्ट ने विशेष सचिव द्वारा दो वरिष्ठ अधिवक्ताओं को विधिक अधिकार न होने के बावजूद अवमानना केस की नोटिस लेने का अधिकार देने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उसने कहा कि विशेष सचिव ने 21 फरवरी, 2022 के पत्र से अपर महाधिवक्ता एमसी चतुर्वेदी और कुलदीप पति त्रिपाठी क्रमशः प्रयागराज और लखनऊ को अवमानना मामले की नोटिस लेने के लिए अधिकृत किया। साथ ही राज्य विधि अधिकारियों से सहयोग लेने की छूट दी।

टाइपिंग गलती दिखाकर चहेतों को दे दी नौकरी

माध्यमिक शिक्षा निदेशक से 6 हफ्ते में मांगी रिपोर्ट

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सफल अभ्यर्थी को मिले क्वालिटी प्वाइंट अंक को टाइपिंग गलती दिखाकर अपने चहेते को नौकरी देने के मामले की जांच के आदेश दिए हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक से 6 सप्ताह में जांच रिपोर्ट तलब की है।

ज्यादा अंक पाकर भी नियुक्ति से बाहर

कोर्ट ने जिला विद्यालय निरीक्षक जौनपुर राजकुमार पंडित और श्रीराम जानकी संस्कृत महाविद्यालय तियरा, बदलापुर, जौनपुर के प्रबंधक त्रिलोकी नाथ मिश्र को पक्षकार बनाते हुए तलब किया था।पत्रावली के साथ निरीक्षक कोर्ट में हाजिर हुए। उन्होंने बताया कि याची को 100.166 क्वालिटी प्वाइंट अंक मिले हैं। लिपिक की गलती से 111.000 अंक दर्ज हो गया है। इसलिए याची को नियुक्ति देने से इंकार किया गया है।

पत्रावली में की गई है छेड़छाड़

जबकि याची का कहना है कि रंजीत दूबे की नियुक्ति करना चाहते हैं। इसलिए मेरे साथ गड़बड़ी की गई है। कोर्ट ने निरीक्षक से पूछा चयन प्रक्रिया की पूरी पत्रावली कोर्ट में क्यों नहीं लाये। तो कोई जवाब नहीं दिया। प्रबंधक हाजिर नहीं हुए। कोर्ट ने पाया कि पत्रावली में छेड़छाड़ की गई है और उसमें ओवर राइटिंग की गई है। जिसकी निष्पक्ष जांच जरूरी है। याचिका की सुनवाई 27 जुलाई को होगी।

डीआईओएस को 27 जुलाई को पेश होने का आदेश

हाईकोर्ट में निरीक्षक द्वारा पेश अधूरी मूल पत्रावली वापस करते हुए कोर्ट ने छायाप्रति कोर्ट की पत्रावली में रखने को कहा है। कोर्ट ने 27 जुलाई को मूल पत्रावली के साथ डीआईओएस, जौनपुर राजकुमार पंडित को हाईकोर्ट में फिर हाजिर होने का निर्देश दिया है। यह आदेश जस्टिस मंजू रानी चौहान ने अजय कुमार पांडेय की याचिका पर दिया है।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा इलाहाबाद विश्वविद्यालय बीकॉम थर्ड ईयर वर्ष 2008 अनुक्रमांक 931139 का अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

शाजिया मेराज खान पुत्र मेराज उद्दीन खान निवासी, 37/5/1 नया पूरा जीटीबी नगर इलाहाबाद, प्रयागराज पिन 211016

अनुदान राशि को अपशिष्ट प्रबन्धन के लिये किया जाये: सीडीओ

सीडीओ ने दो दिवसीय ओ0डी0एफ0 प्लस प्रशिक्षण कार्यशाला का किया शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अन्तर्गत ओ0डी0एफ0 प्लस प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ किया। कार्यशाला में उप निदेशक पंचायत प्रयागराज मण्डल प्रयागराज, जिला पंचायत राज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी सहित 9 ब्लाकों क्रमशः रामपुर संग्रामगढ़, बिहार, लालगंज, लक्ष्मणपुर, सदर, मंगरौरा, मानधाता, गौरा एवं आसपुर देवसरा के सहायक विकास अधिकारी (पं0), समस्त खण्ड प्रेरक, ग्राम के सचिव, प्रधान एवं राजमिस्त्री शामिल हुए।

कार्यशाला मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत की जनसंख्या के आधार पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत वित्तीय प्रावधान 15वें वित्त आयोग

ओ0डी0एफ0 प्लस प्रशिक्षण कार्यशाला में बोलतीं सीडीओ ईशा प्रिया।

के वार्षिक टाईड अनुदान राशि का 30 प्रतिशत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के लिये लिया जायेगा।

राजस्व ग्राम का भौगोलिक, पारिवारिक, संस्थागत एवं संसाधन विवरण की सामान्य जानकारी होना आवश्यक है। उन्होने कहा कि घरेलू स्तर, संस्था स्तर, ग्राम स्तर, पंचायत स्तर व विकास खण्ड/जनपद स्तर पर कचरा प्रबन्धन का निस्तारण किया जाये। प्रशिक्षण में जिला पंचायत राज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु नियोजित गतिविधियों का मदवार वित्तीय विवरण, तरल अपशिष्ट (ग्रे वाटर) प्रबन्धन सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होने कहा कि ग्राम स्वच्छता प्लान की नियोजित गतिविधियों को ग्राम पंचायत विकास योजना में अनिवार्य रूप से सम्मिलित कराया जाये। तैयार ग्राम स्वच्छता प्लान ग्राम पंचायत विकास योजना का ही पार्ट होगा एवं ग्राम पंचायत विकास योजना की स्वीकृति की निर्धारित प्रक्रिया यथा ग्रामसभा का अनुमोदन एवं ई-ग्राम स्वराज के पोर्टल पर फीडिंग कराया जाना अनिवार्य है। अन्त में मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं0), समस्त खण्ड प्रेरक, ग्राम के सचिव, प्रधान एवं राजमिस्त्री से कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत प्रशिक्षण में दी गयी जानकारी के तहत समस्त कार्यवाहियॉ समयबद्धता के साथ सम्पन्न कराये और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता कदापि न बरती जाए।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों में जुटे पदाधिकारी

योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में योगा करते राज्य प्रभारी दुर्गेश योगी।

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शहर के भंगवा चुंगी स्थित संस्कार गार्डन में आज पतंजलि योग समिति द्वारा 25 दिवसीय सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। सबसे पहले मंत्रोच्चार के साथ पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी दुर्गेश योगी ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की।

अपने उद्बोधन में उन्होंने आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को निर्देशित किया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में आज प्रशिकक्षार्थयों को व्यायाम के दौरान यौगिक जॉगिंग के 12 अभ्यास, योगासनों में दंडासन, वक्रासन, शशकासन, गोमुखासन, पैरों के सूक्ष्म व्यायाम एवं प्राणायाम में भस्त्रिका, कपालभाति व सिंहासन, हस्यासन का अभ्यास कराया गया। आसनों में योगिग जॉगिंग का अभ्यास योग प्रचारक रहे नंदलाल योगी जी ने, योगासनों का अभ्यास जुबां योगा कक्षा की संचालिका योग शिक्षिका अनु पंजवानी ने, पैरों के सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास महिला पतंजलि की जिला प्रभारी अनुपमा जी ने, प्राणायाम का अभ्यास दुर्गेश योगी ने एवं सिंहासन व हस्यासन का अभ्यास पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी गोविन्द ने कराया। कार्यक्रम में इस दौरान भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी श्याम नारायण, किसान प्रभारी कमलेश बहादुर, युवा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप दीपक, सदर तहसील से युवा प्रभारी सुरेश, कोषाध्यक्ष धीरेंद्र नारायण, तहसील सदर से भारत स्वाभिमान प्रभारी यजुवेंद्र, कुशल योग शिक्षक देवाशीष सहित अन्य पदाधिकारी व योग शिक्षकगण उपस्थित रहे।

परियावां बस्ती में बिजली की लो वोल्टेज से परेशान उपभोक्ता

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। विद्युत फीडर जनवामऊ से जुड़े परियावां बस्ती में बिजली की लो वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ता भीषण गर्मी में पसीने पसीने हो रहे है।जिसके चलते उपभोक्ताओं में विभाग के प्रति आक्रोश व्याप्त है। आक्रोशित उपभोक्ताओं ने बताया कि हम लोग कनेक्शन लिए हुए है फिर भी बिजली का रोना लगा रहता है।आक्रोशित उपभोक्ताओं ने लो वोल्टेज का कारण बताया कि बहुत से ऐसे लोग है जो विभाग के कर्मचारियों से सांठ गाठ करके चोरी से बिजली जलाकर मौज कर रहे है उनको बिल से कोई लेना देना नही है और जो लोग बिजली का बिल दे रहे है उनको सही बोल्टेज नही मिल रहा है। यदि बिजली विभाग की विजलेंस टीम आकर लोगों का कनेक्शन चेक करे तो बिजली की चोरी का बहुत बड़ा पदार्फाश हो सकता है और बिजली की लो बोल्टेज की समस्या से परियावां के उपभोक्ताओं को निजात मिल सकता है।

मालूम हो कि इन दिनों बिजली विभाग द्वारा पुराने जर्जर तार व लोहे के खम्भे से बिजली सप्लाई बन्द करने के लिए सीमेंट के खम्भे जगह जगह खड़ा करवा दिया है जिस पर जल्द ही बिजली की चार फेस की मोटी केबिल दौड़ा कर प्रत्येक खम्भे पर से उपभोक्ताओं को बिजली देने की तैयारी कर रही है जो जल्द ही शुरू हो जाएगा। खुले बिजली की तार की जगह बन्द बिजली की के बिल लग जाने से उपभोक्ताओं को बिजली की फाल्ट व लो बोल्टेज जैसी समस्या से छुटकारा मिल जाएगा और बिजली की चोरी पर लगाम लग जायेगा।

सड़क हादसे में शिक्षक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

शिक्षक की मौत पर रोते-बिलखते परिजन

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। दवा लेने के लिए घर से निकले दो शिक्षक भाई सड़क हादसे में गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। बुधवार को इलाज के दौरान बड़े भाई की मौत हो गई जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पट्टी तहसील क्षेत्र के कंधई थाना अंतर्गत तरदहा गांव के रहने वाले श्याम शंकर के दो बेटे थे। दोनों प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं।

निखिल चित्रकूट जनपद में बतौर शिक्षक नियुक्ति था तो अखिल आसपुर देवसरा विकासखंड में बतौर शिक्षक पढ़ाने का कार्य करते हैं। आज सुबह नौ बजे दोनों अपने घर के एक बीमार बच्चे की दवा लाने के लिए दोनों एक बाइक पर सवार होकर पट्टी बाजार जा रहे थे। जैसे ही दोनों तरदहा मोड़ के पास पहुंचे पट्टी की तरफ से तेज रफ्तार से जा रही है वैगनार ने दोनों को टक्कर मार दिया जिससे दोनों सड़क पर गिर गए। निखिल सिर में गंभीर चोटें आई जिससे खून बहने लगा तो वहीं अखिल के हाथ पर तथा सिर में गंभीर चोट आई मौजूद लोगों ने दोनों को एंबुलेंस बुलाकर पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर डॉक्टरों ने दोनों की गंभीरता को देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ रेफर कर दिया था। प्रतापगढ़ में निखिल की गंभीर दशा को देखते हुए डॉक्टरों ने प्रयागराज एसआरएन हॉस्पिटल रेफर कर दिया था। जंहा पर बुधवार को इलाज के दौरान निखिल की मौत हो गई। निखिल की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया।

आंगनबाड़ी केन्द्र में सिलेण्डर फटा, शिक्षक की मौत

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र के भवानीगढ़ स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में खाना बनाते समय बुधवार को गैस सिलेण्डर फट जाने से एक निजी स्कूल के शिक्षक की मौत हो गई और उसका भाई समेत तीन लोग घायल हो गये। आंगनबाड़ी केन्द्र भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। शिक्षक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना के बारे में बताया जाता है कि रानीगंज क्षेत्र के सराय सुल्तानी गांव निवासी लाल बहादुर यादव अपने शिक्षक भाई अखिलेश यादव के साथ मोटरसाइकिल से अपने रिश्तेदार के घर बेहदौलखुर्द जा रहे थे। रास्ते में सड़क के किनारे बने आंगनबाड़ी केन्द्र में रसोई में खाना बनाते समय सिलेण्डर ब्लास्ट हो गया जिससे शिक्षक लाल बहादुर यादव के सिर में सिलेण्डर का टुकड़ा लगने से उसकी दुखद मृत्यु हो गई। उसका भाई अखिलेश यादव जो सरकारी स्कूल में शिक्षक है, बुरी तरह से घायल हो गया।

भक्ति की निर्मलता भी प्रभु के सानिध्य का सुमंगलः अभयानंद

श्रीराम कथा में कर्म की श्रेष्ठता पर डाला प्रकाश

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। भगवान के प्रति निर्मल भाव की श्रद्धा तथा समर्पण प्राणी के जीवन को सुमंगल से भर दिया करता है। मनुष्य सदैव अपने कर्म के अनुसार फल का उत्तरदायी हुआ करता है। उसे सदैव श्रेष्ठ कर्म के मार्ग पर चलते हुए प्रभु की भक्ति प्राप्त करने का पवित्र ध्येय रखना चाहिए। उक्त सुविचार महामण्डेलश्वर स्वामी आचार्य अभयानन्द सरस्वती महराज ने अपने श्रीमुख से प्रकट किये। संस्थान के सभागार में हो रही श्रीराम कथा में महामण्डेलश्वर ने कहा कि दुखाकार प्रवृत्ति से भगवताकार प्रवृत्ति ही मनुष्य को लोभ तथा भय व दुराचरण से मुक्ति दिला सकती

श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का मर्म समझाते स्वामी अभयानंद।

है। श्रीरामचरितमानस की चैपाइयों का मधुर उद्धरण रखते हुए उन्होनें कहा कि भक्ति की श्रद्धा में मनुष्य प्रभु का सानिध्य स्वयं अनुभूति किया करता है। स्वामी अभयानंद जी ने कहा कि रामचरित मानस में मानस गीता के ज्ञान का शाश्वत संदेश यही है कि मनुष्य को स्वयं अपने कर्म के अनुसार फल की अपेक्षा रखनी चाहिये। उन्होनें कहा कि हमारे वेदान्त तथा दर्शन सदैव यह सिखलाते रहते हैं कि कोई भी मनुष्य न तो दूसरे को दुःख देने का कारक है और न ही वह दूसरे के सुख का उत्तरदायी हुआ करता है। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए कई जन्मों के पुण्य के प्रतिफल में धरा पर पहुंचकर अपने सुख और वैभव के लिए ही जीवन व्यतीत किया करता है। उन्होनें कहा कि विषाद जब प्रभु के लिए निर्मलता में होता है तो वह प्रसाद बन जाता है और यही विषाद जब अपने दुःख के लिए हुआ करता है तो यह जीवन मे अवसाद बन जाया करता है। आध्यात्मिक कथा का संचालन आलोक ने किया। कथा का संयोजन हाईकोर्ट अवध बार एसोशिएसन के पूर्व महामंत्री पं. रामसेवक त्रिपाठी व प्रदेश के पूर्व गृह सचिव रमेशचंद्र मिश्र ने किया। कथाश्रवण में ऑल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश मौजूद रहे। कथा के पूर्व अरविंद कुमार मिश्र, प्रणव अग्निहोत्री, केके शुक्ल, डा. आलोक द्विवेदी, राजकुमार द्विवेदी, प्यारेमोहन चैबे ने व्यासपीठ का पूजन किया। इस मौके पर विपिन शुक्ल, संतोष पाण्डेय, सरला त्रिपाठी आदि रहे।

आज से होगा निःशुल्क खाद्यान्न का होगा वितरण

प्रतापगढ़। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि माह मई 2022 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 02 जून से 10 जून के बीच निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण ई-पास मशीन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जायेगा। इस अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रतिकार्ड 20 किग्रा0 गेहूँ व 15 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 03 किग्रा0 गेहूँ व 02 किग्रा0 चावल निःशुल्क वितरित किया जायेगा।

ट्रेन में लोड स्कूटी का पता नहीं, यात्री ने शिकायत की

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। पंजाब मेल ट्रेन में लोड की गई स्कूटी प्रतापगढ़ स्टेशन पर नहीं उतरी। गायब होने की आशंका से यात्री ने स्टेशन अधीक्षक से इसकी शिकायत की है। उसने स्कूटी का पता लगाने की मांग की है। जय सिंह नाम के यात्री ने स्टेशन अधीक्षक को फोन किया उसने बताया कि 27 मई को उसने जालंधर से अपनी स्कूटी पंजाब मेल ट्रेन में बुक कराई थी, जिसको प्रतापगढ़ उतरना था। बुधवार को उसने पार्सल दफ्तर में इसके बारे में पूछा। स्टाफ ने स्कूटी के बारे में अनभिज्ञता व्यक्त की। ट्रेन तो आई लेकिन स्कूटी नहीं आई। कहीं किसी ने रास्ते में न उतार ली हो। चोरी की आशंका से परेशान यात्री ने एसएस से इसकी शिकायत की है। बता दें कि इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। पार्सल स्टाफ की भी गलती होती है। पैसा नहीं पाते तो इस तरह के पार्सल को ट्रेन से नहीं उतारते हैं। बाद में वह कैरी ओवर होकर ट्रेन में ही इधर से उधर घूमता रहता है। उनकी लापरवाही का नतीजा यात्रियों को भुगतना पड़ता है। अधिकारियों को इस तरह के मामले की पड़ताल करनी चाहिए। जो भी दोषी हो उसके खिलाफ कार्रवाई करे। जिससे यात्रियों को परेशान न होना पड़े।

घर में घुसकर मारपीट, आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने घर मे घुसकर मारपीट तथा गालीगलौज व तोडफोड को लेकर सात आरोपियो के खिलाफ बलवा तथा तोडफोड व मारपीट एवं धमकी समेत कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है।

कोतवाली के बहुंचरा निवासी रामकृपाल उपाध्याय ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती उन्तीस मई को गांव के नवीन सिंह, पिंटू सिंह पुत्र शिव प्रताप, सूरज सिंह, राम बहादुर सिंह, रवीन्द्र सिंह, सुमित सिंह, अमित सिंह, ने कुल्हाडी तथा चाकू व लाठी डंडे से लैस होकर हमला बोल दिया। आरोपियो ने घर के अंदर घुसकर पीडित व परिवार के सदस्यों को मारापीटा। विरोध करने पर आरोपियो ने घर मे रखी चारपाई व कुर्सी आदि तोडकर नष्ट कर दिया। आरोपी गालीगलौज करते हुए घंटो घर के भीतर बवेला करते रहे। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मंगलवार की रात आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 अरुण कुमार मौर्य मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना आसपुर देवसरा के मु0अ0सं0 114/2022 धारा 363, 366, 120बी भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त महाजन राम पुत्र स्व0 अम्बिका प्रसाद नि0 ग्राम पूरा थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के पूरा तिराहा. के पास से गिरफ्तार किया गया। उधर थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 उमेश प्रताप सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना आसपुर देवसरा के मु0अ0सं0 150 व 155/2018 धारा 386 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त दीपक दुबे उर्फ रिंकू दुबे पुत्र स्व0 रामप्रकाश दुबे नि0 ग्राम दौलतपुर थाना खटुहन जनपद जौनपुर को थानाक्षेत्र के नगर बैरिय? के पास से गिरफ्तार किया गया।

चोरों ने बारह हजार नकदी समेत आभूषण उड़ाये

लालगंज, प्रतापगढ़। अज्ञात चोरों ने घर के अंदर घुसकर हजारों की नकदी तथा सोने चांदी के कीमती आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। कोतवाली के पूरे छेमी निवासी राजनारायण की पत्नी प्रतिभा ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तीस मई की रात अज्ञात चोर उसके घर मे घुस आये। परिवार के सदस्य सो रहे थे। इस बीच चोरों ने घर मे रखे बाक्स का ताला तोडकर बारह हजार नकदी तथा सोने चांदी के कीमती जेवरात चोरी कर ले गये। घटना की अगली सुबह पीड़िता ने घर के भीतर चोरी का नजारा देखा तो आवाक रह गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मंगलवार की रात अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

वेतन न मिलने से नाराज स्वास्थ कर्मी, काम छोड़ने की धमकी दी

चार महीने से आउट सोर्सिंग स्टाफ को नहीं मिली पगार, सीएमओ ने कार्यदायी संस्था पर डाली वेतन की जिम्मेदारी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राजा प्रताप बहादुर पुरुष अस्पताल में आउटसोर्सिंग पर रखे गए कर्मचारियों को चार महीने से वेतन नहीं मिला है। जिससे उनके समक्ष भूखों मरने की नौबत आ गई है। बुधवार को उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से मिलकर वेतन न मिलने पर नौकरी छोड़ने की धमकी दी।

जानकारी के अनुसार ग्लोबल नामक एजेसी के द्वारा इन कर्मचारियों की भर्ती हुई है। कर्मचारी आनंद ने बताया कि चार महीने से किसी स्टाफ को वेतन नहीं मिला है। इसके बाद भी काम

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से मिलते स्वास्थ्य कर्मी।

बराबर कर रहे हैं। वेतन न मिलने से उनके सामने बाल बच्चों के पालन पोषण की समस्या खड़ी हो गई है। एजेंसी वाले भुगतान नहीं कर रहे हैं। ठेकेदार चोरी चुपके आता है चला जाता है। वह कर्मचारियों से नहीं मिलता है। उन लोगों ने सीएमएस डाक्टर सुरेश सिंह को समस्या बताई। उन्होंने उसी समय ग्लोबल एजेंसी वाले को फोन किया। लेकिन उठा नहीं। इस बारे में सीएमओ डाक्टर एके श्रीवास्तव का कहना है कि एजेंसी वाले ही कर्मचारियों का भुगतान कराएंगे। उनका या सीएमएस का इसमें कोई रोल नहीं है। सारी जिम्मेदारी एजेंसी की है।

दबंगों ने महिलाओं की जमकर पिटाई

प्रतापगढ़। मनगढ़ गांव में दबंगों ने जमीनी विवाद को लेकर महिलाओं की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित महिला रूपम श्रीवास्तव का आरोप है कि उसके साथ दबगों ने मारपीट की तथा जमीन में लिटाकर पीटा। साथ ही छेड़खानी भी की गई। इस दौरान महिलाओं ने थाने में पहुंचकर नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

खबर संक्षेप

विद्युत चोरी से चल रहे थे आरओ प्लांट और हाई स्कूल

कौशाम्बी। विद्युत प्रवर्तन दल ने 31मई को लाइन लॉस फीडर में बिजली चेकिंग का सघन अभियान चलाया जिसमें ग्राम पाइंसा में प्रवर्तन दल ने कई लोगों को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा और उनके विरुद्ध कार्यवाही की हैं प्रवर्तन दल के अनुसार शिवांग पुत्र राम भवन निवासी ग्राम मोहम्मदपुर , पाइंसा द्वारा बाईपास करके आरओ प्लांट चलाया जा रहा था जिसका भार 05 किलो वाट है वही विपिन करवरिया पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी ग्राम , पाइंसा थाना पाइंसा द्वारा हनुमान प्रसाद करवरिया हाई स्कूल बाईपास करके चलाया जा रहा था जिसका भार 03 किलो वाट है वाहमोहम्मद मोबाइल वारसी निवासी कोखराज को घरेलू कनेक्शन से बाईपास करके अउ चलाते हुए पाया गया इसके अलावा भी कई अन्य लोगों के विद्युत कनेक्शन की प्रवर्तन दल ने जांच की है प्रवर्तन दल द्वारा विद्युत चोरी करते हुए पाए जाने पर 5 व्यक्तियों के खिलाफ अनियमितता दर्ज की गई जिसमें भार वृद्धि व विद्या परिवर्तन किया गया तथा प्रवर्तन दल के अधिकारियों ने बताया कि 4 उपभोक्ता चेकिंग के दौरान सही पाए गए।

छप्पर छा रहा बालक नीचे गिरा दम घुटने से हुई मौत

बारिश की शुरूआत होने के पहले परिजनों ने शुरू कर दिया था घर की मरम्मत

अखंड भारत संदेश

पश्चिम शरीरा कौशाम्बी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के नागरेहा कला गांव में एक 11 वर्षीय बालक अपने घर मे छप्पर छावनी डाल रहा था अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया इसी बीच छप्पर में लगी रस्सी उसके गले में फंस गई जिससे बालक का दम घुट गया और उसकी मौत हो गई बालक की मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है मृतक बालक के पिता रोजी रोटी के चक्कर में पानीपत में रहते हैं इस संबंध में पश्चिम शरीरा कोतवाल भवानी सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के नागरेहा कला गांव निवासी राममिलन रोजी रोटी के चक्कर में पानीपत में रहते हैं उनका परिवार गांव में रहता है बारिश की शुरूआत होने के पहले घर की मरम्मत परिजनों ने शुरू कर दिया मकान में छावनी के लिए घासपूस सरपत का छप्पर घर मे डाला जाने लगा राममिलन का पुत्र अंशुमान उम्र लगभग 11 वर्ष छप्पर डालने में लगा रहा और

बालक की मौत के बाद घर पर जुटी महिलाओं की भीड़

वह ऊपर से छप्पर को खींचकर दीवाल पर चढ़ा रहा था इसी बीच अचानक छप्पर में लगी रस्सी समेत बालक नीचे गिर पड़ा और छप्पर में लगी रस्सी बालक के गले फस गई मौके पर मौजूद लोग कुछ समझ पाते इसके पहले दम घुटने से बालक की मौत हो गई बालक की मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है बालक की मौत की जानकारी जैसे ही गांव वालों को लगी मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है अचानक हुई घटना से बालक की मौत के बाद सभी के चेहरे पर दुख व्याप्त है।

तमंचा व कारतूस के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान अन्तर्गत थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मंझी पुत्र लाल सिंह निवासी नरवर पट्टी थाना कोखराज को दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना मझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त प्रहलाद पुत्र शंकर लाल निवासी दिवर थाना मंझनपुर को एक अदद तमचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अंशुमान पाल पुत्र ज्ञान चन्द्र निवासी तिल्हापुर थाना सराय अकिल को एक अदद तमचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

हर्ष फायरिंग में दबंग कई राउण्ड चलाई गोली

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। सराय अकिल थाना अंतर्गत नगर पंचायत सराय अकिल निवासी ज्ञान चन्द स्वर्णकार पुत्र स्व0 गणेश प्रसाद स्वर्णकार बतासा मंडी में अपनी सराफा की दुकान पर हर्ष फायरिंग कर रहा था।दबंग ने हर्ष फाइरिंग के दौरान कई राउंड गोलिया चलाई जिससे वहा के आस पास का माहौल बिगड़ गया और लोग दहशत में आ गये।शाम का वक्त होने के कारण कस्बा स्थित चंद्रशेखर पार्क तिराहे पर उप0 नि0 जमालुद्दीन,हेड कॉन्स0 अखिलेश कुमार सिंह एवं कॉन्स0 रविन्द्र कुमार ड्यूटी पर मौजूद थे।फायरिंग की आवाज सुनकर तिराहे पर उपस्थित पुलिस ने दबंग को पिस्टल सहित धर दबोचा और थाने ले आई प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह को घटना से अवगत कराया गया उन्होंने दबंग के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया और

तिराहे पर मौजूद पुलिस ने पिस्टल सहित दबंग को दबोचा

पिस्टल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान अन्तर्गत थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा हर्ष फायरिंग करने वाले अभियुक्त ज्ञान बाबू पुत्र स्व0 गणेश प्रसाद निवासी व थाना सराय अकिल को एक अदद पिस्टल व छः अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

पिस्टल एवं कारतूस जब्त कर निरस्तीकरण करण की कार्यवाही करने को कहा।

गंदगी से बजबजा रहे गांव...

स्वच्छ भारत अभियान को पलीता लगाकर अधिकारी बजा रहे ढपली

गणेश साहू

करोड़ों रुपए वेतन बाटने के बाद ड्यूटी न करने वाले सफाई कर्मियों को बर्खास्त करना तो दूर निलंबर नोटिस की कार्रवाई भी पंचायत विभाग ने नहीं की शुरू, चायल विकासखंड क्षेत्र के बालीपुर टाटा गांव में चौपट सफाई व्यवस्था पर अधिकारीनहीं हुए गंभीर

कौशाम्बी। मोदी सरकार का स्वच्छ भारत अभियान अधिकारियों के कमाने खाने का साधन बन गया है गांव गांव साफ सफाई तो नहीं हो सकी लेकिन साफ सफाई योजना की करोड़ो की रकम से अधिकारी मालामाल हुए हैं 8 वर्ष पूर्व मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई स्वच्छ भारत अभियान योजना अभियान की सफलता जमीनी हकीकत में नहीं दिखाई पड़ रही है जिले का कोई भी ऐसा गांव नही है जहां गन्दगी का साम्राज्य ना हो निर्माण करने के बाद से ही नालियां टूटी पड़ी है नालियों का कीचड़ गलियों में बह रहा है नालियां बजबजा रही है दुर्गंध युक्त वातावरण में ग्रामीणों को जीवन जीने पर विवश होना पड़ रहा है लगभग 800 सफाई कर्मियों की तैनाती गांव में गई है लेकिन उसके बाद भी गांव की स्थिति नहीं बदल सकी हैं गन्दगी और नारकीय परिस्थितियों में ग्रामीण जीवन जीने को विवश हैं अधिकारी और जनप्रतिनिधि मंच पर बैठकर मिनरल वाटर की बोतल से ठंडा पानी पीकर लंबी डकार लेकर लंबी लंबी बातें कर डींग हांकने से पीछे नहीं हट रहे है तले भुने काजू खा कर अधिकारी और जनप्रतिनिधि स्वच्छ भारत अभियान की सफलता का ढिढोरा पीट रहे है जबकि हकीकत में गांव गंदगी से बजबजा रहे हैं स्वच्छ भारत अभियान की विफलता देखने के लिए गांव चलना होगा चायल विकास खंड क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव की गलियों में गंदगी व्याप्त है जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं नालियां टूटी पड़ी हैं नालियों का कीचड़ सड़कों पर बह रहा है लोगों को गलियों से निकलने में दिक्कतों से जूझना पड़ता है लेकिन फिर भी साफ सफाई की व्यवस्था सुधार करने में अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी का निर्माण करना उचित नहीं समझा है सफाई कर्मचारी ड्यूटी नहीं कर रहे हैं उसके बाद उन्हें बर्खास्त नहीं किया गया है शिकायतों के बाद भी ड्यूटी ना करने वाले सफाई कर्मियों को नोटिस देकर उन्हें निलंबित कर चौपट व्यवस्था पर जवाब भी नहीं मांगा गया है जिससे अधिकारियों के इन सफाई कर्मियों से संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है।

हक की बात डीएम के साथ....

कौशाम्बी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अवगत कराया है कि मिशन शक्ति अभियान के अन्तगर्त 02 जून, 2022 को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक हक की बात जिलाधिकारी के साथ कायर्क्रम संचालित किया जायेगा जिसमें यौन हिंसा लैगिंक असमनता घरेलू हिंसा कन्या भ्रूण हत्या कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न तथा दहेज हिंसा आदि के सम्बन्ध में संरक्षण सुरक्षा तन्त्र, सुझावों, सहायता हेतु न्यूनतम दो घन्टे के पारस्परिक संवाद का आयोजन किया गया है। इस सम्बन्ध में पीड़ित दिये गये सीयूजी नम्बर 9670353635 पर समय प्रातः 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक अपनी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकतें हैं।

पति से विवाद के बाद महिला की रेल लाइन के पास मिली लाश

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। चरवा थाना क्षेत्र के चौराडीह गांव की एक महिला पूरा मुफ्ती थाना क्षेत्र के मन्दर गांव के पास एक ईट भट्ठे में मजदूरी करती थी उसका अपने पति से विवाद चल रहा था बुधवार की सुबह महिला की लाश मन्दर फाटक के रेलवे लाइन के पास मिली है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है मृतक के पिता श्री राम निवासी ककरहाई सराय अकिल ने महिला की हत्या किए जाने का आरोप उसके पति पर लगाया है। जानकारी के मुताबिक सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के ककरहाई गांव निवासी श्री राम की पुत्री शिमला देवी की शादी 14 वर्षों पूर्व चरवा थाना क्षेत्र के चौराडीह गांव निवासी महेश प्रसाद रविदास के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी दोनों के बीच 3 संतानों ने जन्म लिया लेकिन दोनों के दांपत्य जीवन में

महिला की मौत के बाद जुटी ग्रामीणों की भीड़

विवाद उत्पन्न हो गया महिला आर्थिक तंगी से जूझने लगी जिस पर महिला ने मन्दर मोड़ के पास ईट भट्ठे में मजदूरी शुरू कर दी आए दिन पति से उसका विवाद होता था बताया जाता है कि मन्दर के ईट भट्ठे में उसका पति भी मजदूरी करता है बुधवार की सुबह महिला शिमला देवी की लाश मन्दर रेलवे फाटक के पास रेल लाइन

ट्रेन की टक्कर से अज्ञात महिला की मौत

अझुवा कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा कनवार रेलवे स्टेशन के पास दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर 100 मीटर पश्चिमी छोर पर एक अज्ञात महिला उम्र लगभग 50 वर्ष का शव पाया गया है सूचना पर मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास में जुट गई है वहीं लोगों के अनुसार महिला की रात में ही ट्रेन की टक्कर से मौत हुई है रेलवे पुलिस ने मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।खबर लिखे जाने तक महिला की शिनाख्त नही हुई थी।

पर मिली है जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंची है और मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है महिला के पिता श्री राम ने शिमला देवी की हत्या कर लाश रेल लाइन पर फेंकने का आरोप उसके पति पर लगाया है।

3 जून को अंधावा में आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन

कौशाम्बी। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पश्चिमशरीरा' द्वारा दिनांक 03 जून दिन शुक्रवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक ₹आयुष आपके द्वार₹ के अंतर्गत 'अंधावां' में (शिव मंदिर के पास) निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं औषधि वितरण किया जाएगा। इस शिविर में महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता दी जाएगी।चिकित्सा शिविर का उद्घाटन लाल बहादुर (पूर्व विधायक) एवं श्रीमती अनीता त्रिपाठी (जिलाध्यक्ष, भाजपा, कौशाम्बी) के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. बी.एम. त्रिपाठी, एम.डी. ने सम्मानित जनमानस से आग्रह है किया है कि अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर में आकर लाभ उठाएं।

मुठभेड़ : अन्तर्जनपदीय लूट करने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

24 व 25 मई को जनपद फतेहपुर के खागा में टाटा मैजिक(छोटा हाथी) पर लदा सामान तथा टाटा मैजिक समेत लूट की वारदात को दिया था अनजाम

लुटेरे को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जनपद में डकैती लूट चोरी जैसी घटनाओं को पूर्णतः रोकने एवं उसके सफल अनावरण के लिए पुलिस अधीक्षक के द्वारा दिये गये दिशा निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के व क्षेत्राधिकारी सिराथू के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रमेश चन्द्र एवं एसओजी प्रभारी सिद्धार्थ सिंह की संयुक्त टीम के द्वारा अदम्य साहस का परिचय देते हुये मुठभेड़ के दौरान अन्तर्जनपदीय लूट व चोरी कारित करने वाले गिरोह के सदस्यों में से एक सदस्य की थाना मोहब्बतपुर पइन्सा के क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नन्दा का पुरा मजरा थोन के पास से गिरफ्तारी की गयी गिरफ्तार किये गये अभियुक्त नन्हा यादव पुत्र श्यामलाल निवासी महन्दापुर मजरा नारा थाना मंझनपुर से पूछताछ में बताया की 24 व 25 मई 2022 को जनपद फतेहपुर के खागा में टाटा मैजिक(छोटा हाथी) पर लदा सामान तथा टाटा मैजिक समेत लूट की वारदात की थी तथा लूट के बाद टाटा मैजिक के चालक को थाना मोहब्बतपुर पइन्सा अन्तर्गत ग्राम थोन में फेक दिया था उपरोक्त लूट का सामान गिरोह के अन्य सदस्यों के पास है। ग्रुप के अन्य सदस्यों के बारे में गहन जानकारी की जा रही है तथा उनका आपराधिक इतिहास तलासा जा रहा है।

लूटपाट कर रहे बदमाशों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

अझुवा कौशांबी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के खत्रीपुर गड़ाडिया तालाब के पास बाइक सवार दो लोगों को आधा दर्जन बदमाशों ने तमंचे के बल पर मारपीट कर लूटपाट शुरू कर दी बाइक सवार युवकों से नगदी और मोबाइल लूट लिया गया जिस पर बाइक सवार युवकों ने हल्ला मचाया हो हल्ला सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और भाग रहे बदमाशों का पीछा कर एक बदमाश को पकड़ लिया पकड़े गए बदमाश को ग्रामीणों ने पुलिस को सौंप दिया है लेकिन खबर लिखे जाने तक आरोपी बदमाश को पुलिस ने जेल नहीं भेजा है जिससे चौकी पुलिस की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक खागा कोतवाली क्षेत्र के खैराई गांव निवासी सुरेंद्र कुमार पुत्र रामकृपाल अपने साथी राजकुमार पुत्र धर्मपाल के साथ मंगलवार को बाइक में सवार होकर सैनी कोतवाली क्षेत्र के खत्रीपुर गडरिया तालाब कार्यक्रम में शामिल होने गए थे कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बाइक सवार दोनों युवक रात 10:00 बजे वापस खैराई खागा वापस जा रहे थे रास्ते में खत्री पुर के पास आधा दर्जन लोगों ने तमंचे के बल पर बाइक सवारों को रोक लिया और उनके सिर पर तमंचे के बट से प्रहार किया बदमाशों ने दोनों युवकों के साथ मारपीट की बाइक सवारों ने विरोध किया लेकिन विरोध के बाद भी मोबाइल और नकदी छीन ली गई लूटपाट का विरोध कर रहे बाइक सवारों ने हो-हल्ला मचाया आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए ग्रामीणों की भीड़ बढ़ती देख बदमाश भागने लगे लेकिन ग्रामीणों ने पीछा कर एक बदमाश को अपने कब्जे में ले लिया और चौकी पुलिस को सौंप दिया है मामले की तहरीर चौकी पुलिस को दी गई है लेकिन खबर लिखे जाने तक आरोपी बदमाश को पुलिस ने जेल नही भेजा है इस संबंध में चौकी इंचार्ज से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि बदमाश पकड़े गए हैं जांच पड़ताल की जा रही है दोषियों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

न्यूज झरोखा

जिलाधिकारी ने एक्सपोजर विजिट को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने जनपद बुलन्दशहर की ग्राम पंचायत-सहजादपुर कनैनी के भ्रमण के लिए जाने वाली एक्सपोजर विजिट बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया इस एक्सपोजर विजिट का उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन के तहत जनपद बुलन्दशहर के ग्राम पंचायत सहजादपुर कनैनी में सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेन्ट पर हुए कार्यों का अवलोकन एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर जनपद कौशाम्बी के चयनित 46 ग्रामों में ओडीएफ प्लस के कार्यों को क्रियान्वित करना है एक्सपोजर विजिट में चयनित गॉवो के ग्राम प्रधान, ब्लॉक कोआर्डिनेटर, सचिव ग्राम पंचायत, एडीपीआरओ एवं डीपीआरओ सहित 05 राज मिस्त्री सम्मिलित हैं इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

भरवारी देवी गंज में जनसत्ता दल पार्टी की मासिक बैठक सम्पन्न

भरवारी कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के देवी गंज कड़ा ब्लाक स्थित चिकित्सक पी के सिंह के आवस में जनसत्ता दल पार्टी की मासिक बैठक सम्पन्न हुई मासिक बैठक में पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार ने कहा कि आगामी 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में सभी कार्यकताओं को पूरे दमखम के साथ पार्टी उम्मीदवार के पक्ष जनसत्ता दल पार्टी को मजबूत बनाना है कार्यक्रम के शुरूआत में पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार कुमार का जोरदार स्वागत किया गया है और आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के मजबूती के लिए चर्चा की गई है बीते कार्यों की समीक्षा भी बैठक में की गई है इसी तरह भरवारी कस्बे में भी जनसत्ता दल की मासिक बैठक संपन्न हुई जहां पार्टी की मजबूती पर वक्ताओं ने जोड़ दिया है। जनसत्ता दल की मासिक बैठक में पूर्व सांसद एवम प्रधान राष्ट्रीय महासचिव शैलेन्द्र कुमार किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष बलवीर सिंह युवा जिला अध्यक्ष अश्वनी सिंह जैदी भाई राजू सिंह अंकित तिवारी बीरेंद्र केशरवानी सुशील कुमार उर्फ आस्था गारमेंट्स भरवारी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

हज यात्रियो को 02 जून को दिया जायेगा प्रशिक्षण

कौशाम्बी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुनीता ने अवगत कराया है हज-2022 पर जाने वाले हज यात्रियों को (मेनिनजाइटिस, सीजनल इन्फलूएन्जा) वैक्सीन का टीकाकरण कराया जाना है वैक्सीन टीकाकरण/प्रशिक्षण हेतु मदरसा दारूल उलूम एहसानिया मंझनपुर को केन्द्र बनाया गया है उन्होंने बताया है कि समस्त हज-2022 पर जाने वाले हज यात्रियों को वैक्सीन टीकाकरण प्रशिक्षण 02 जून 2022 को प्रातः 10 बजे से सांय 05 बजे के मध्य कराया जायेगा।

आईजीआरएस एंव सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें : डीएम

भूमि विवाद सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने जनपद के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आईजीआरएस सीएम हेल्पलाइन तहसील एवं थाना दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समय से सुनिश्चित किया जाय अन्यथा सम्बन्धित जनपदस्तरीय अधिकारी का उत्तदायित्व निर्धारित कर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जायेंगी इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को समस्त कार्य दिवसों में प्रातः 10 बजे से जनसुनवाई कर समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये हैं जिलाधिकारी ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नियमित रूप से आईजीआरएस सीएम हेल्पलाइन तहसील व थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा किया जाय तथा जिस ब्लॉक तहसील एवं थाना में अधिकतम निस्तारण लम्बित हों उनके सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही किया जाय उन्होंने सभी अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये हैं ताकि प्रदेश स्तर पर यदि शिकायतकर्ता सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करता है तो उसकी आकांक्षा के अनुरूप शिकायत का निस्तारण हो सकें जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को भूमि विवाद सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं जिससे समस्या का स्थायी रूप से निराकरण हो सकें उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये है कि जनसुनवाई के समय अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों की यदि भ्रष्टाचार आदि की शिकायतें प्राप्त होती हैं तो कड़ी से कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय जिससे कि मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेन्स की नीति को भरपूर शक्ति से लागू की जा सकें जनसुनवाई के समय यदि किसी शिकायतकर्ता द्वारा एक बार से अधिक अपनी शिकायत दी जाती है तो समस्या के मूल कारण को समझकर दोषी कर्मियों के विरूद्ध कार्यवाही किया जाय अथवा विशिष्ट प्रकृति की समस्याओं के लिए अगले तहसील व थाना दिवस में समय निश्चित कराते हुए फील्ड के अधिकारियों के समक्ष शनिवार के दिन तहसील एवं थाना पर समस्या का निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाय। यदि किसी ग्रामीण अथवा शहरी क्षेत्र के समूह में व्यक्ति ज्ञापन लेकर पहुँचते हैं तो लोकहित के बिन्दुओं का राजस्व एवं पुलिस विभाग के अतिरिक्त ग्राम्य विकास लोक निर्माण ऊर्जा सिंचाई कृषि पशुपालन समाज कल्याण एवं नगर निकाय आदि विभागों के अधिकारियों को निर्देशित कर एकपक्ष के अन्दर समस्या का निस्तारण किया जाय। जनसुनवाई के समय जनप्रतिनिधियों से प्राप्त जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाय तथा जनप्रतिनिधियों से दूरभाष पर संपर्क में रहें जिससे जनपद में समन्वित रूप से जनसमस्याओं का निस्तारण हो सके।

अवैध बसे ओवरलोड वाहनों को रोकने के लिए जिले में नहीं हो रहा पालन

अखंड भारत संदेश

तीन दर्जन अवैध बसें बेखौफ तरीके से सात थाना क्षेत्रों से प्रतिदिन हो रही संचालित

सात थाना क्षेत्र से गुजरने वाली तीन दर्जन अवैध बसों को रोकने के बजाए उनके संचालन में लगा रहे हैं अधिकारी अपनी ऊर्जा

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ तौर पर कहा है कि अवैध ओवरलोड वाहन अवैध बसों का संचालन किसी कीमत पर नहीं होगा डग्गामार वाहन अवैध बसे नहीं चलेंगी इन्हें हर हाल में रोकना होगा ओवरलोड वाहन नहीं चलेंगे 18 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वीडियो के जरिए जारी किए गए इस आदेश के 3 दिन बाद 21 मई को भी जिले में ओवरलोड वाहन अवैध प्राइवेट बस बिना परमिट का संचालन नहीं रुक सका है बेखौफ तरीके से तीन दर्जन अवैध बसे मंझनपुर चौराहा से होते हुए प्रयागराज के लिए प्रतिदिन सुबह से देर रात तक फरार्टा भर रही है रास्ते में सात थाना क्षेत्र पड़ रहे हैं लेकिन प्रयागराज और कौशांबी जिले के सात थाना क्षेत्रों में इन अवैध बसों पर कार्यवाही नहीं हो रही है जनपद मुख्यालय मंझनपुर से संचालित होने वाली तीन दर्जन अवैध बसों के पास बस संचालन का परमिट नहीं है इन अवैध बसों को रोकने में एआरटीओ भी अपनी उर्जा नहीं लगा रहे हैं अवैध बसों को रोकने के बजाय डीएम एसपी अवैध बसों के संचालन के लिए मंझनपुर में पार्किंग स्थल बनाकर अवैध बस संचालन करने की छूट दे रहे हैं आखिर योगी आदित्यनाथ के आदेश की अवहेलना करने में जिम्मेदार इतने क्यों उत्सुक हैं। बालू घाट से चलने वाले ओवरलोड अवैध वाहनों पर भी अंकुश नहीं लग सका है पूरे दिन जिले की सभी सड़कों पर ओवरलोड अवैध ट्रक डंपर और ट्रैक्टर बालू परिवहन करते देखे जाते हैं जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ तौर पर कहा है कि बालू घाट पर ओवरलोड वाहनों पर कठोर कार्रवाई की जाए लेकिन योगी आदित्यनाथ का निर्देश कौशांबी जिले के प्रशासनिक अधिकारियों पर शायद लागू होता नहीं दिख रहा है इसके पूर्व भी अपर मुख्य सचिव ने अवैध बसों के संचालन पर पूरी तरह से रोक लगाने का निर्देश दिया था लेकिन अपर मुख्य सचिव का निर्देश भी जिले में नहीं लागू हो सका है केवल मीटिंग में ओवरलोड वाहनों अवैध बसों और डग्गामार वाहनों पर रोक लगाए जाने का निर्देश दिया जा रहा है जमीनी सतह पर अवैध बस डग्गामार वाहन और ओवरलोड बालू वाहनों पर कार्रवाई होती नहीं दिख रही है आरटीओ यातायात पुलिस थाना पुलिस से लेकर पुलिस अधिकारी तक अवैध वाहनों पर कार्रवाई करने के लिए ऊर्जा लगाते नहीं दिख रहे हैं जबकि बेखौफ तरीके से पूरे दिन सड़कों पर ओवरलोड बालू लदे वाहन और बिना परमिट के अवैध बसों का संचालन जारी है।

मृत्युअय महावतार बाबाजी वटवृक्ष का महत्व

मृत्युअय
महावतार बाबाजी वटबृक्ष के आध्यात्मिक आभामंडल में क्रियायोग ध्यान से दूर हो जाती हैं रीरिक बीमारियां व मानसिक चिन्तायें

सेवारत क्रियायोग आश्रम

- मां गंगा के पावन तट पर सेवारत क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी के आध्यात्मिक परिसर में भी दो दिव्य वटवृक्ष स्थित है
- इस वट वृक्ष के प्रांगण में क्रियायोग ध्यान मात्र से ही सभी बीमारियों से मुक्ति मिल जाती है ऐसा यहां आए हुए देश व विदेश के साधकों का कहना है

अनूप मिश्रा

प्रयागराज। प्रयागराज के झूंसी क्षेत्र में गंगा, यमुना, सरस्वती त्रिवेणी संगम तट पर स्थित सेवारत क्रियायोग आश्रम के आभा मंडल में स्थित वटवृक्ष जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है,लोगों का मानना है कि विशालकाय आध्यात्मिक वटवृक्ष के नीचे बैठ कर मृत्युंजय श्री श्री महावतार बाबाजी ने सन् 1894 में आयोजित कुंभ के दौरान ज्ञानावतार स्वामी श्री युक्तेश्वर गिरी को प्रथम दर्शन देकर उन्हें स्वामी की उपाधि से विभूषित किया था और इसी समय सनातन धर्म और बाइबिल में निहित धर्म में एकता को दर्शाते हुए एक अध्यात्मिक सद ग्रंथ लिखने का निर्देश दिया जो कैवल्य दर्शनम्(दि होली साइंस) के नाम से प्रसिद्ध है । इसी पावन स्थल पर वटवृक्ष के परम पूज्य स्वामी श्री योगी सत्यम् जी भी निरंतर क्रियायोग की शिक्षा दे रहे हैं । यह अवगत कराना आवश्यक है कि प्रयागराज में कई वटवृक्ष हैं जिनमें से संगम क्षेत्र में किले के अंदर अक्षय वट है तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रांगण में भी वटवृक्ष स्थित है। इसके अतिरिक्त मां गंगा के पावन तट पर सेवारत क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी के आध्यात्मिक परिसर में भी दो दिव्य वटवृक्ष स्थित है। इस वट वृक्ष के प्रांगण में क्रियायोग ध्यान मात्र से ही सभी बीमारियों से मुक्ति मिल जाती है ऐसा यहां आए हुए देश व विदेश के साधकों का कहना है । जहां एक ओर भारत ही नहीं पूरे विश्व के लोग बीमारियों में फंसे हुए तथा अनेक प्रकार की दवाइयों का सेवन कर रहे हैं वही क्रियायोग आश्रम में मौजूद विशालकाय वटवृक्ष के सानिध्य में क्रियायोग ध्यान मात्र से ही सभी बीमारियों को दूर किया जा रहा है तथा मौजूदा समय में इस आश्रम में देश ही नहीं विदेशों से भी लोग गठिया, ब्लड प्रेशर, शुगर से पीड़ित होकर आए और ठीक हो कर गए ।

1983 में क्रियायोग संस्थान की हुई थी स्थापनाः क्रियायोग के ज्ञान को जनमानस में प्रसारित करने के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने सन् 1983 मे क्रियायोग संस्थान की स्थापना किया उस समय वट वृक्ष का स्वरूप जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था । जिसकी पत्तियां व टहनियां लोग काटकर जानवरों को खिलाया करते थे जिससे वटवृक्ष काफी जीर्ण-शीर्ण स्थित में हो गया था । क्रियायोग आश्रम के संरक्षण में वटवृक्ष की सेवा प्रारंभ की गई उसके स्वरूप को संरक्षित करने के लिए उसकी जड़ों के चारों तरफ उचित प्राकृतिक रोकथाम करते हुए मिट्टी पाटी गई वटवृक्ष की पत्तियों व टहनियों को न तोड़ा जाए इसके लिए उचित व्यवस्था की गई । आसपास स्थित कमरों को हटाया गया जिससे वट वृक्ष को हवा पानी व प्रकाश आदि मिल सके और उसका विकास हो सके। वट वृक्ष के विकास के लिए आश्रम के द्वारा फव्वारे की व्यवस्था की गई जिससे उसकी पत्तियों और टहनियों को आसानी से पानी दिया जा सके । धीरे धीरे वट वृक्ष का विकास होने लगा और वर्तमान समय में उसका स्वरूप दिव्य है।

दान, दक्षिणा, आरती चढ़ावा की प्रचलित परम्परा से दूर रहता है आश्रमः क्रियायोग आश्रम की स्थापना के समय से ही क्रियायोग आश्रम प्रांगण में स्थित पावन वटवृक्ष के नीचे प्रतिदिन कई बार क्रियायोग ध्यान की कक्षाओं का आयोजन होता है । क्रियायोग आश्रम के प्रभाव से आज प्रयागराज में वर्ष भर भारत के विभिन्न देशों के साथ-साथ अमेरिका, कनाडा , यूरोप , सिंगापुर ,ब्राजील आदि देशों के लोग आकर रहते हैं । यह विश्व की पहली आध्यात्मिक संस्था है जो स्थापना के प्रथम दिन से आज तक पूर्णतया निशुल्क सेवाएं प्रदान कर रही है यहां पर आरती चढ़ावा दान दक्षिणा आदि के नाम पर किसी भी प्रकार धन एकत्रित नहीं किया जाता है । क्रियायोग को समझने वाले स्वेच्छा से अनुदान देते हैं।

क्रियायोग ध्यान षटचक्र भेदन की क्रिया हैः क्रियायोग ध्यान षटचक्र भेदन है। षटचक्र के जागरण पर मनुष्यकी सभी शारीरिक व मानसिक बीमारियां समाप्त हो जाती है तथा अंतः करण में सुसुप्त आध्यात्मिक ज्ञान का जागरण हो जाता है। यह भी सिद्ध एवं प्रमाणित हो गया है कि प्रिया योग के भक्ति पूर्वक अभ्यास से सभी प्रकार की सुविधाएं स्वतः प्राप्त हो जाती है । क्रियायोग के प्रभाव से आकर्षित होकर अमेरिका ने स्वामी श्री योगी सत्यम् जी को उच्चतम सम्मानित वीजा ओ -वन (ड-1) प्रदान किया तथा कनाडा में स्वामी जी के द्वारा डॉक्टरों ने 40 एकड़ का आश्रम बना कर दान के स्वरूप में प्रदान किया है ।

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान का लक्ष्य घर-घर में जले क्रियायोग का दीपः क्रियायोग आश्रम का एकमात्र लक्ष्य है कि क्रियायोग का दीप घर-घर में जलाकर सभी के अंदर प्रवाहित जीवनधारा को ईश्वरोन्मुखी करना जिससे दैहिक दैविक और भौतिक तपो का समापन हो सके। मृत्युंजय अमर गुरु श्री महावतार बाबाजी की भविष्यवाणी है कि क्रियायोग का विश्वव्यापी प्रसार संपूर्ण विश्व को एक सूत्र में बांधेगा और रोग निवारक मंत्र के रूप में प्रतिष्ठित होगा ।

विराट 45 की उम्र तक खेलें, 110 इंटरनेशनल सेंचुरी लगाएं : शोएब अख्तर

कराची। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर का कहना है कि विराट कोहली को सोशल मीडिया पर होती निंदा की परवाह नहीं करनी चाहिए। उन्हें 45 साल की उम्र तक खेलना चाहिए और कम से कम 110 इंटरनेशनल सेंचुरी लगाएं। अख्तर ने कहा- हमें विराट कोहली को सम्मान देना चाहिए, जो दुर्भाग्य से हम नहीं देते हैं। एक पाकिस्तानी होकर मैं दावा करता हूं कि विराट कोहली सर्वकालिक महान खिलाड़ी हैं। उन्हें 45 की उम्र तक खेलना जारी रखना चाहिए और 110 इंटरनेशनल सेंचुरी ठोकनी चाहिए। विराट कोहली को घबराना नहीं चाहिए और उन्हें दुनिया की फेंटी लगाना चाहिए। एक इंटरव्यू में शोएब अख्तर ने कहा कि मैं जब भी विराट से मिलता हूं, उसका हौसला बढ़ाता हूं। यह कठिन परिस्थिति उनको 110 शतकों के लिए तैयार कर रही है। लोग आपको लिख रहे हैं, आपके खिलाफ ट्वीट कर रहे हैं। अगर आप दिवाली के बारे में ट्वीट करते हैं, तो आपकी आलोचना होती है। लोग आपकी पत्नी और बच्चे के बारे में ट्वीट करते हैं। जब आप विश्व कप हारते हैं तो आपकी काफी आलोचना होती है। हालात इससे और खराब नहीं हो सकते। आप बस वहां जाओ और सबको दिखाओ कि विराट कोहली कौन है। अख्तर ने इस दौरान सचिन तेंदुलकर की भी तारीफ की। उन्होंने कहा- सचिन बहुत ही विनम्र शख्स हैं, वह हमेशा अच्छा बोलते हैं और सोशल मीडिया पर अपनी बयानों से किसी को आहत नहीं करते। क्यों हम युवा क्रिकेटरों और मीडिया के सामने खुद को एक्सपोज करें? हम सभी मैच्योर हैं और इसे ध्यान में रखकर हमें पब्लिक में कुछ बोलना चाहिए।

गोल्फर Paige Spiranac ने दोहराया अपना आयकॉनिक पोज, खूबसूरती के दीवाने हुए फैंस

लंदन। गोल्फ जगत की सबसे सुंदर महिला गोल्फर्स में से एक पेजे स्पिरनाक सोशल मीडिया पर अपने फैंस को चौकाने का कोई मौका नहीं छोड़ती। इस बार उन्होंने यैलो कर का टॉप पहनकर अपना आयकॉनिक पोज दिया है जिसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। पेजे ने

बीते दिनों ही फूलों से बना टॉप पहनकर चर्चा पाई थी। गोल्फ जगत के सबसे बड़े टूर्नामेंट्स ऑगस्टा मास्टर्स के लिए पेजे ने यह फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर की थी। बहरहाल, पेजे की ताजा फोटोज पर फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं।

बता दें कि पेजे गोल्फ जगत में अपने खेल की बजाय कम बल्कि अपनी सुंदरता के कारण ज्यादा जानी जाती हैं। गोल्फ कोर्स में वह अक्सर कम कपड़े पहनने के कारण निंदा का शिकार होती रही हैं। वैसे भी पेजे के बेबाक बोल भी उन्हें कंट्रोवर्सी खड़ी करने में मदद करते हैं। बीते दिनों उन्होंने टाइगर वुड्स की एक्सीडेंट के बाद वापसी की बात कही थी। बाद में पता चला कि वह मजाक कर रही हैं। पेजे की इस हरकत पर फैंस की प्रतिक्रिया दी कि हमें यह ही उम्मीद थी। पेजे फोटो लीक का सामना भी कर चुकी है। उनके ब्वॉयफ्रेंड ने उनके प्राइवेट लम्हों की वीडियो जनतक कर दी थी। पेजे ने एक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में इस पर बात भी की थी। उन्होंने कहा था- यह भयानक था। मुझे ऐसे लोगों से मैसेज मिल रहे थे जिन्हें मैं जानती तक नहीं थीं। इसकी शब्दावली ऐसी थी जोकि मैं किसी को बता नहीं सकती। उन दिनों मेरा कुछ हाल ऐसा हो गया था कि मैं हर दिन जागती और अपने फोन की जांच करती रहती। देखती आज 'टीएमजेड' पर क्या है। इसको लेकर कैसी बातों हो रही हैं। यह मेरे तनाव का सबसे खराब हिस्सा था।

भारतीय पुरूष और महिला हॉकी टीमें FIH हॉफी 5 के लिए लुसाने रवाना

बेंगलुरू। भारतीय पुरूष और महिला टीमें एफआईएच का पहला हॉकी फाइव टूर्नामेंट खेलने स्विटजरलैंड के लुसाने रवाना हो गई जहां चार और पांच जून को यह टूर्नामेंट खेला जाएगा। पुरूष टीम को मलेशिया, पाकिस्तान, पोलैंड और स्विटजरलैंड से खेलना है जबकि महिला टीम दक्षिण अफ्रीका, उरूग्वे, पोलैंड और स्विटजरलैंड से खेलेगी। शीर्ष दो टीमें पांच जून को फाइनल खेलेंगी। रजनी ई की कप्तानी वाली भारतीय महिला टीम चार जून को उरूग्वे से पहला मैच खेलेगी जिसके बाद उसी दिन पोलैंड से खेलना है। पांच जून को स्विटजरलैंड और दक्षिण अफ्रीका से सामना होगा। रजनी ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, 'हॉकी फाइव अलग तरह का प्रारूप है।

कोरिया से 4-4 से ड्रॉ खेलकर भारत Asia Cup की खिताबी दौड़ से बाहर

जकार्ता। भारत की युवा हॉकी टीम ने यहां दक्षिण कोरिया के खिलाफ एशिया कप के सुपर चार के मैच में प्रभावशाली और तेज गति वाली हॉकी खेली लेकिन मैच के 4-4 से ड्रॉ होने के कारण टीम खिताबी दौड़ से बाहर हो गई। दिन के शुरूआती मैच में मलेशिया ने जापान को 5-0 से शिकस्त दी जिसके बाद गत चैम्पियन भारत को फाइनल में पहुंचने के लिए इस मैच को

जीतना जरूरी था। सुपर चार चरण में भारत, मलेशिया और कोरिया तीनों का अभियान पांच-पांच अंक पर समाप्त हुआ लेकिन बीरेंद्र लाकड़ा की अगुवाई वाली भारतीय टीम गोल अंतर के आधार पर तीसरे स्थान पर रही।

भारत के लिए नीलम संजीप जेस (नौवें मिनट), दिपसन टिर्की (21वें मिनट), महेश शेषे गौड़ा (22वें मिनट) और शक्तिवेल मरीस्वरन (37वें मिनट) ने गोल किए जबकि कोरिया की ओर से जैंग जोंगह्युन (13वें मिनट), जी वू चियोन (18वें मिनट), किम जुंगहू (28वें मिनट) और जुंग मांजेइ (44वें मिनट) ने गोल दागे। कोरिया अब फाइनल में बुधवार को मलेशिया से भिड़ेगा, जबकि भारतीय टीम तीसरे और चौथे स्थान के मैच में जापान का सामना करेगी। दोनों टीम के बीच मिडफील्ड में कड़ी टक्कर देखने को मिली।

श्रीलंका दौरे से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम को लगा बड़ा झटका, मुख्य कोच पाए गए कोरोना पॉजिटिव

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका दौरे से पहले बड़ा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं और ऐसे में वह अपनी टीम के साथ दौरे पर नहीं जा सकते। ऑस्ट्रेलिया 7 जून को कोलंबो में टी20 इंटरनेशनल के साथ द्वीप राष्ट्र के अपने महीने भर के दौरे की शुरुआत करेगा और इसकी संभावना नहीं है कि 40 वर्षीय मुख्य कोच उद्घाटन के लिए उपलब्ध होगा। छह साल में ऑस्ट्रेलिया का श्रीलंका का यह पहला दौरा है।

क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सहायक कोच माइकल डि वेनुटो शुरुआती टी20 इंटरनेशनल के लिए टीम की कमान संभालेंगे और मैकडॉनल्ड के दूसरे गेम से उपलब्ध होने की संभावना है। ऑस्ट्रेलिया तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा जिसके बाद पांच एक दिवसीय

अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। दौरे का समापन गाले में (29 जून से 3 जुलाई और 8-12 जुलाई) दो टेस्ट मैचों के साथ होगा।

मैकडॉनल्ड ने कहा, मुझे लगता है कि मेरे पास कदम बढ़ाने के लिए कोचिंग स्टाफ है और हम अलग-अलग दौरों और विभिन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए अलग-अलग समय पर कुछ कोचों को मौका दे सकते हैं। मैकडॉनल्ड ने कहा, ऐसा करते हुए यह केवल हमारे कोचिंग स्टाफ की गहराई को बढ़ा रहा है ... कोच काम के बोझ को कम करने में मदद करने के लिए यात्रा के दौरान सामने आएंगे।

दर्शकों को फिर मैदान पर लाने के लिए रोमांचक क्रिकेट खेले इंग्लैंड : स्टुअर्ट ब्रॉड

लंदन। नए नेतृत्व के साथ इंग्लैंड के पहले टेस्ट के शुरूआती चार दिन के टिकटों को लेकर दर्शकों के बीच कोई उत्साह नहीं है जिसे देखते हुए तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने कहा कि समर्थकों को मैदान पर लाने के लिए टीम को रोमांचक क्रिकेट खेलना होगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला टेस्ट शुरू होने में दो ही दिन बचे हैं और क्रिकेट के मैदान लॉर्डर्स पर होने वाले इस मैच की काफी टिकटें बची है।

इंग्लैंड के क्रिकेट सत्र का अहम हिस्सा माने जाने वाले इस मैच की 16000 से अधिक सीटें अभी उपलब्ध हैं। इसकी कई वजहैं हैं मसलन टिकट काफी महंगी है और एक दिन का टिकट करीब 200 डॉलर का है। इसके अलावा महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की प्लेटिनम जुबली के सिलसिले में और भी कई कार्यक्रम इंग्लैंड में हो रहे हैं।

इंग्लैंड की टेस्ट टीम का फॉर्म भी अच्छा नहीं है जिसने पिछले 17 में से एक ही मैच जीता है। इसके बाद से बेन स्टोक्स को कप्तान और ब्रैंडन मैकुलम को कोच बनाया गया है। ब्रॉड ने कहा, 'दर्शकों का ध्यान खींचने के लिए हमें रोमांचक क्रिकेट खेलनी होगी। दूसरे टेस्ट के पहले तीन दिन के टिकट बिक गए हैं और हम यहां अच्छा खेलेंगे तो लोग मैदान में जरूर आएंगे।'

धोनी से मिलकर दिव्यांग फैन हुई इमोशनल, बोलीं- उन्होंने मुझसे जो कहा वह हमेशा याद रहेगा

पेरिस। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 के समापन के बाद दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों को फिर से महेंद्र सिंह धोनी की एक झलक पाने के लिए लगभग एक साल तक इंतजार करना होगा। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान अपने संन्यास की अटकलों के बीच 2023 सीजन में चार बार के चैंपियन का नेतृत्व करने के लिए वापसी करेंगे। इसमें अभी समयहै और इससे पहले पूर्व भारतीय कप्तान विशेष रूप से विकलांग प्रशंसक से मिले और उसका सपना पूरा किया। धोनी से बातचीत के बाद विकलांग फैन का पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

लावण्या पिलानिया नाम की लड़की रांची हवाई अड्डे पर धोनी से मिली और पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी के साथ एक व्यावहारिक बातचीत की। इस बारे में बात करते हुए लावण्या ने दावा किया कि वह धोनी द्वारा कहे गए शब्दों को हमेशा याद रखेगी। उसने यह भी दावा किया कि सीएसके के कप्तान ने उसके आंसू पोंछे और हाथ मिलाया। उसने उसे एक दयालु, मधुर और मृदुभाषी व्यक्ति कहा। लावण्या ने लिखा, स्केच के लिए मुझे धन्यवाद कहा और कहा मैं ले जाउंगा1

उनसे मिलने का अहसास कुछ ऐसा है जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती, वह दयालु, मधुर और मृदुभाषी हैं।

जिस तरह से उन्होंने मुझसे मेरे नाम के स्पेलिंग के बारे में पूछा, हाथ मिलाया और जब उन्होंने कहा रोना नहीं और मेरे आंसू पोंछे तो यह मेरे लिए आनंद भरा था। उन्होंने अपने और उन्होंने मुझसे जो शब्द बोले वे मुझे हमेशा याद रहेंगे। लावण्या ने आगे लिखा, उन्होंने मुझे अपना कीमती समय दिया जिसे मैं शब्दों से व्यक्त नहीं कर सकती। जब मैंने उन्हें कहा, आप बहुत अच्छे हो तो उनकी प्रतिक्रिया अनमोल थी। 31 मई 022 मेरे लिए हमेशा के लिए विशेष होगा।

गौर हो कि धोनी ने सीएसके की कप्तानी रविंद्र जडेजा को सौंपी थी लेकिन आठ मैचों में नाकाम कप्तानी और प्रदर्शन पर असर के बाद आईपीएल के बीच में जडेजा ने कप्तानी एक बार फिर धोनी को वापस दी। धोनी की अगुवाई वाली सीएसके 2022 के संस्करण में 9वें स्थान पर रही और सीजन के दौरान खेले गए 14 में से सिर्फ चार मैच ही जीत पाई।

फ्रेंच ओपनः राफेल नडाल ने जोकोविच को हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

पेरिस। 'लाल बजरी के बादशाह' राफेल नडाल ने एक बार फिर रोलां गैरो पर अपनी बादशाहत साबित करते हुए गत चैम्पियन नोवाक जोकोविच को हराकर पुरूष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। नडाल ने शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच को करीब चार घंटे तक चले मुकाबले में 6.2, 4.6, 6.2, 7.6 से मात दी। इसके साथ ही उन्होंने 14वें फ्रेंच ओपन और 22वें ग्रैंडस्लैम खिताब की ओर कदम रख दिया। जीत के बाद उन्होंने कहा, 'मेरे लिए एक और जादुई रात थी।' शुक्रवार को 36 वर्ष के होने जा रहे नडाल का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। नडाल और जोकोविच के बीच यह 59वां मुकाबला था और ओपन युग में किन्ही भी दो खिलाड़ियों ने एक दूसरे के खिलाफ इतने मैच नहीं खेले हैं। जोकोविच ने 30 मैच जीते हैं जबकि नडाल को 29 मैचों में जीत मिली है हालांकि फ्रेंच ओपन में नडाल ने आठ और जोकोविच ने दो मैच जीते हैं। अब रोलां गैरो पर नडाल का कैरियर रिकॉर्ड 110.3 है। पिछले साल जोकोविच ने उन्हें सेमीफाइनल में हराया था। ज्वेरेव ने 19 वर्ष के उदीयमान स्पेनिश खिलाड़ी कार्लोस अलकाराज को 6.4, 6.4, 4.6, 7.6 से मात दी। महिला वर्ग में अमरीका की कोको गॉ और इटली की मार्तिना ट्रेविजान पहली बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंच गई। 18 वर्ष की अमरीकी गॉ ने 2017 चैम्पियन और 2018 उपविजेता स्लोएने स्टीफंस को 7.5, 6.2 से हराया। वहीं 59वीं रैंकिंग वाली 28 वर्ष की मार्तिना ने अमरीकी ओपन उपविजेता कनाडा की लैला फर्नांडिज को 6.2, 6.7, 6.3 से शिकस्त दी।

नॉर्वे शतरंज ब्लिट्ज़ - पाँच साल बाद कार्लसन से जीते आनंद

स्टावंगर, नॉर्वे। नॉर्वे सुपर ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट के क्लासिकल मुकाबलों के ठीक पहले पारंपरिक ब्लिट्ज़ शतरंज टूर्नामेंट में एक बार फिर भारत के 52 वर्षीय पूर्व विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद अपनी चमक बिखरते नजर आए । आनंद नें 9 ब्लिट्ज़ मुकाबलों में 5 अंक बनाते हुए तीसरा स्थान हासिल किया और इस दौरान राउंड 5 में उन्होने मौजूदा विश्व चैम्पियन मेगनस कार्लसन को पराजित करते हुए पुरानी याद फिर ताजा कर दी है । इससे पहले आनंद ने 2017 में विश्व रैपिड के एक मुक़ाबले में कार्लसन को पराजित किया था । सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए आनंद नें इस मुक़ाबले में पिर्क ओपनिंग में शुरुआत से आक्रामक रुख अपनाया और उतार चढ़ाव भरे मैच में 43 चालों में जीत हासिल की । इसके अलावा आनंद नें नॉर्वे के आर्यन तारी , बुल्गारिया के पूर्व विश्व रद्जाबोव और चीन के वाङ हाउ से बाजी ड्रॉ खेली । 9 राउंड के बाद वेसली सो 6 अंक बनाकर पहले तो कार्लसन 5.5 अंक

चैम्पियन वेसेलीन टोपालोव को पराजित किया जबकि यूएसए के वेसली सो , अजरबैजान के शाखियार ममेद्यारोव और तैमूर बनाकर दूसरे स्थान पर रहे ,आनंद और नीदरलैंड के अनीश गिरि 5 अंक बनाकर सयुंक्त तीसरे स्थान पर रहे ।

एआईएफएफ मसौदा संविधान में आई-लीग को शीर्ष फुटबॉल प्रतियोगिता के रूप में मान्यता

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति (सीओए) द्वारा तैयार किए गए संविधान के मसौदे के अनुसार, इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की जगह आई-लीग की देश की शीर्ष स्तर की घरेलू फुटबॉल प्रतियोगिता के रूप में फिर से वापसी हो सकती है।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के संविधान के मसौदे को सीओए सदस्य पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी और भारत के पूर्व कप्तान भास्कर गांगुली ने जनवरी 2020 में न्यायालय में प्रस्तुत किया था। इसे अब सार्वजनिक किया गया है। इसके मुताबिक फ्रैंचाइजी आधारित आईएसएल शीर्ष घरेलू लीग का स्तर गंवा सकता है। मसौदे के अनुच्छेद एक के 33वें क्रम में कहा गया है,

'' आई-लीग एआईएफएफ के स्वामित्व वाली, इससे संचालित और मान्यता प्राप्त भारत में सबसे शीर्ष डिवीजन लीग प्रतियोगिता है।'' अनुच्छेद एक के 58वें क्रम के मुताबिक, ''शीर्ष डिवीजन लीग का मतलब एआईएफएफ के स्वामित्व, इससे संचालित और मान्यता प्राप्त लीग प्रतियोगिता होगी, जो 'प्रमोशन और रेलीगेशन' के सिद्धांतों को लागू करती है। यह लीग एएफसी द्वारा निर्धारित सभी आवश्यकताओं को पूरा करती है जिससे वह एशियाई चैंपियंस लीग में अपनी जगह पक्की कर सकें।'' सीओए की सिफारिशों को विभिन्न पक्षों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है। अभी यह देखा जाना बाकी है कि क्या उच्चतम न्यायालय इस समिति के प्रस्तावित संविधान को मंजूरी देता है या नहीं। उच्चतम न्यायालय ने 18 मई को अपने पूर्व न्यायमूर्ति एआर दवे की अगुवाई में तीन सदस्यीय प्रशासकों की समिति नियुक्त की जो एआईएफएफ के कार्यों के संचालन के अलावा राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुसार संविधान को लागू करने की दिशा में काम करेगी। कुरैशी और भारत के पूर्व फुटबॉल कप्तान भास्कर गांगुली सीओए के दो अन्य सदस्य हैं। कुरैशी और गांगुली को उच्चतम न्यायालय ने 2017 में प्रशासक नियुक्त किया था और उन्हें राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुसार एआईएफएफ का संविधान तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। समिति ने जनवरी 2020 में सीलबंद लिफाफे में उच्चतम न्यायालय को संविधान का मसौदा सौंप दिया था। इससे पहले एआईएफएफ और उसके वाणिज्यिक भागीदारों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित आईएसएल को देश की शीर्ष घरेलू लीग का दर्जा दिया गया था जबकि इससे पहले आई-लीग देश की शीर्ष घरेलू लीग थी।

भारत में Online Gaming का कोई नियामक ढांचा नहीं है

नई दिल्ली। कोरोनावायरस लॉकडाउन से लाभान्वित होने वाले क्षेत्रों में से एक ऑनलाइन गेमिंग है। भले ही गतिविधि पहले से ही इतनी लोकप्रिय हो रही थी, लेकिन लॉकडाउन के दौरान इसने स्पाइक का अनुभव किया। ऑनलाइन रम्मी, पोकर और Teen Patti Cash और फैंटेसी स्पोर्ट्स गेम्स कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिनकी लोकप्रियता में काफी वृद्धि हुई है, खासकर युवा भारतीयों के बीच।मद्रास उच्च न्यायालय ने 2020 में सही कहा था, जब उसने कहा, 'शारीरिक खेलों को विनियमित करने के लिए, हम एक विधायी व्यवस्था कर रहे हैं, लेकिन उभरते हुए ऑनलाइन गेम / वर्चुअल गेम से निपटने के लिए इस तरह की व्यवस्था करना समय की आवश्यकता है। वास्तव में, ऑनलाइन इतनी स्वतंत्रता के साथ, गेमिंग गतिविधियों को विनियमित करने की आवश्यकता है। ऐसे कई कसीनो हैं, जिन्हें सिर्फ किसी के फोन पर क्लिक करके एक्सेस किया जा सकता है।ये कैसीनो शीर्ष गेम प्रदाताओं से कई गेम प्रदान करते हैं, उदा। विकास गेमिंग कैसीनो. ! यह अपने आप

में बुरा नहीं है और नियमों की आवश्यकता इसे समाप्त नहीं करती है।

कौशल का खेल या संभावना का खेल

संयोग के खेल पर भारत का कानूनी रुख काफी लोकप्रिय है। मौका का खेल एक ऐसा खेल है जो कौशल के बजाय भाग्य और भाग्य पर बहुत अधिक निर्भर करता है। इस प्रकार के खेलों को भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जुआ या जुआ के रूप में भी संदर्भित किया गया है।दूसरी ओर, कौशल के खेल में समय के साथ खिलाड़ी द्वारा विकसित एक निश्चित प्रकार की महारत, रणनीति और बुद्धिमत्ता शामिल होती है। उदाहरण के लिए, शतरंज और रम्मी कौशल के खेल हैं।1867 के सार्वजनिक जुआ अधिनियम ने संयोग के खेल को अवैध घोषित किया लेकिन कौशल के खेल को छूट दी।

दिलचस्प बात यह है कि यह कानून ऑनलाइन गेमिंग को कवर नहीं करता है। इसका मतलब है कि भारत में ऑनलाइन गेम को वैध बनाने या उन्हें अवैध बनाने का कोई कानून नहीं है।

मैक्सिको में तूफान 'अगाथा' का कहर, 10 लोगों की मौत, 20 लापता

सैन इसिद्रो डेल पालमार (मैक्सिको). दक्षिणी मेक्सिको में तूफान 'अगाथा' के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन के चलते कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य लोग अब भी लापता



हैं। दक्षिणी शहर ओक्साका के गवर्नर ने यह जानकारी दी।

ओक्साका के गवर्नर एलेजांद्रो मूरात ने बताया कि बाढ़ के कारण कई मकान बह गए, जबकि कई लोग दलदल और चट्टानों के मलबे में दब गए। मूरात ने स्थानीय मीडिया से कहा, '' लोगों की मौत बाढ़ और भूस्खलन होने के कारण हुई।'' उन्होंने बताया कि जान गंवाने वाले अधिकतर लोग पहाड़ी इलाकों के कई छोटे शहरों से थे, जबकि हुआतुल्को के रिज़ार्ट के पास तीन बच्चों के लापता होने की खबर भी है। 'अगाथा' के प्रभाव के चलते 105 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। हालांकि, अब वह कमजोर पड़ गया और मंगलवार को वेराक्रूज़ राज्य की ओर बढ़ गया।

ज्यादा तनाव से कोविड, इन्फ्लूएंजा से शरीर के लड़ने की क्षमता हो सकती है प्रभावित

वाशिंगटन. ज्यादा तनाव की वजह से कई तरह के संक्रमण खास कर कोविड-19 से लड़ने में शरीर की क्षमता बुरी तरह प्रभावित होती है और मृत्यु की आशंका भी बढ़ जाती है। चूहों पर किए गए एक अध्ययन में यह परिणाम सामने आया है।

शोध पत्रिका 'नेचर' में सोमवार को प्रकाशित अध्ययन में यह दिखाया गया है कि ज्यादा तनाव के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण या इन्फ्लूएंजा के दौरान मष्तिष्क का कौन सा हिस्सा शरीर के प्रतिरक्षा तंत्र को नियंत्रित करता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि ज्यादा तनाव की वजह से पारावेंट्रीकुलर हाइपोथैलामस नामक क्षेत्र के न्यूरॉन तुरंत हरकत में आते हैं और श्वेत रक्त कोशिकाएं या ल्यूकोसाइट्स का लिम्फ नोड्स से रक्त और अस्थि मज्जा तक प्रवाह बढ़ जाता है।

इसके घटने से कोविड संक्रमण और इन्फ्लूएंजा की स्थिति में शरीर संक्रमण से लड़ने में कमजोर हो जाता है तथा जटिलताएं और मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। आईकन स्कूल ऑफ मेडिसिन, माउंट सिनाई, अमेरिका के फिलिप के स्विरस्की ने कहा, ''इस शोध कार्य से हमें पता चला कि तनाव का हमारे प्रतिरक्षा तंत्र और संक्रमण से लड़ने की हमारी क्षमता पर बड़ा असर पड़ता है।'' स्विरस्की ने एक बयान में कहा, ''यह दिखाता है कि किस तरह सामाजिक आर्थिक कारक, जीवन शैली और वातावरण नियंत्रित करें ताकि हमारा शरीर संक्रमण के खिलाफ बचाव कर पाए।'' मस्तिष्क को प्रतिरक्षा प्रणाली से जोड़ने वाली खोज इस बात की बेहतर समझ प्रदान करती है कि तनाव वायरस के प्रति शरीर की प्रतिक्रिया को कैसे प्रभावित करता है और क्यों कुछ लोग गंभीर बीमारी और बदतर परिणामों के लिए अतिसंवेदनशील हो सकते हैं। शोधकर्ताओं ने शांतचित्त और तनाव के शिकार कुछ चूहों पर अध्ययन किया और उनके प्रतिरक्षा तंत्र का विश्लेषण किया। अध्ययन के दौरान देखा गया कि तनाव के शिकार चूहों की प्रतिरक्षा में बड़ा बदलाव आया। शोधकर्ता यह देखना चाहते थे कि तनाव के दौरान शरीर के एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक प्रतिरक्षा कोशिकाओं का प्रवाह किस तरह होता है। कोविड, इन्फ्लूएंजा से संक्रमित चूहों पर भी इसका अध्ययन किया गया। अध्ययन में पाया गया कि संक्रमित चूहे कमजोर हो गए और उनकी प्रतिरक्षा भी घट गई तथा मृत्यु का खतरा बढ़ गया।

चीन का दावा, वह अभी भी भारत का शीर्ष व्यापार भागीदार

बीजिंग. चीन ने मंगलवार को दावा किया है कि वह अपने आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2021-22 में अभी भी भारत का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है।उसने अमेरिका के शीर्ष व्यापार भागीदार होने की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि इसका कारण भारत और चीन की व्यापार मात्रा की गणना के लिये अपनाये गये विभिन्न तरीकों में 'अंतर' का होना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने संवादाताओं से कहा कि चीनी सक्षम प्राधिकरणों के आंकड़ों के अनुसार, 2021 में चीन और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार 125.66 अरब डॉलर का रहा। उनसे 2021-22 में अमेरिका द्वारा चीन को पीछे छोड़ते हुए भारत का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार बनने की रिपोर्ट के बारे में पूछा गया था।

ब्रिटेन में मंकीपॉक्स से बचने के लिए नये दिशानिर्देश, संक्रमितों को दूरी बनाने की सलाह

लंदन. ब्रिटेन में स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को ताजा दिशानिर्देशों में कहा कि जिस किसी व्यक्ति में लक्षण दिखाई दे रहे हैं, उसे संबंध बनाने से दूर रहना चाहिए ताकि मंकीपॉक्स के संक्रमण पर रोक लगाई जा सके। इसमें एहतियात के तौर पर संक्रमण के बाद आठ सप्ताह तक कंडोम का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

देश में इस हफ्ते इस संक्रमण के 71 नये मामले मिलने के बाद ब्रिटेन स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी (यूकेएचएसए) ने स्कॉटलैंड, उत्तरी आयरलैंड और वेल्स के प्रशासन के साथ मिलकर यह दिशानिर्देश जारी किया है।

ब्रिटेन में मंकीपॉक्स से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 179 हो गई है। दिशानिर्देश में मंकीपॉक्स वाले लोगों से आग्रह किया गया है कि जब तक उनके घाव ठीक न हो जाएं, तब तक वे दूसरों के साथ निकट संपर्क में आने से बचें।

वेल्स में जन स्वास्थ्य संरक्षण निदेशक, भारतीय मूल के डॉ गिरि शंकर ने कहा, ''हम लोगों को आश्वस्त कर रहे हैं कि आम तौर पर मंकीपॉक्स आसानी से नहीं फैलता है, इसलिए आम जनता को इससे कम खतरा है।'

' जांच में जिन लोगों के मंकीपॉक्स वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है, उनके करीबी संपर्क में रहने वाले लोगों को 21 दिनों के लिए घर पर अलग-थलग रहने के लिए कहा गया है।

ऐसे लोगों को सलाह दी गई है कि वे किसी भी नये चकत्ते या घाव पर नजर रखें, जो उनके शरीर के किसी भी हिस्से पर धब्बे, अल्सर या छाले की तरह दिखाई दे सकते हैं।

ताजा दिशानिर्देश में कहा गया है कि वर्तमान में इस बात का कोई सबूत नहीं है कि मंकीपॉक्स 'यौन द्रव्य' के माध्यम से फैल सकता है, लेकिन जिन लोगों में वायरस की पुष्टि हुई है उन्हें एहतियात के तौर पर संक्रमण होने के बाद आठ सप्ताह तक कंडोम का उपयोग करने की सलाह दी गई है। यूकेएचएसए ने कहा कि हालांकि यह सलाह सभी पर लागू होती है, लेकिन अब तक संक्रमण के अधिकांश मामले समलैंगिक और उभयलिंगी पुरुषों में मिले हैं।

मंकीपॉक्स: स्वास्थ्य मंत्रालय ने अंतराष्ट्रीय यात्रियों के लिए परामर्श जारी किया

नयी दिल्ली. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को मंगलवार को अफ्रीकी जंगली जंतुओं का मांस खाने या पकाने, या अफ्रीका के जंगली जानवरों से बने क्रीम, लोशन और पाउडर जैसे उत्पादों का उपयोग करने से दूर रहने का परामर्श दिया। मंत्रालय ने इसके अलावा, त्वचा पर घाव वाले या गुप्तांगों में घाव वाले बीमार लोगों के नजदीक जाने से बचने का भी परामर्श दिया।

'मंकीपॉक्स रोग के प्रबंधन पर दिशानिर्देश' राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जारी किया गया है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए एक परामर्श शामिल किया गया है। इसमें यह सुझाव दिया गया है कि इन यात्रियों को मृत या जीवित चूहे, गिलहरी तथा बंदर सहित छोटे स्तनपायी जंतुओं के करीब जाने से बचना चाहिए। इसने बीमार लोगों द्वारा इस्तेमाल किये गये कपड़े, बिस्तर या स्वास्थ्य संस्थानों में उपयोग की गई सामग्री या संक्रमित जंतुओं के संपर्क में आये लोगों से दूर रहने की सलाह दी है।

परामर्श में कहा गया है कि उन्हें सतर्क रहना चाहिए खासतौर पर उन देशों से आने वालों को जहां मंकीपॉक्स के मामले सामने आये हैं।

Ukraine Russia War: जो बाइडेन का बड़ा एलान, यूक्रेन को 'उन्नत राकेट सिस्टम' देगा अमेरिका

Ukraine Russia War यूक्रेन-रूस के बीच एक महीने से भी अधिक समय से जंग जारी है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मंगलवार को बड़ा ऐलान किया। बाइडेन ने कहा कि अमेरिका यूक्रेन को उन्नत राकेट सिस्टम प्रदान करेगा।

वाशिंगटन.अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रूस-यूक्रेन के बीच जारी जंग के बीच मंगलवार को बड़ा ऐलान किया। बाइडेन ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका यूक्रेन को प्रमुख लक्ष्यों पर हमला करने के लिए उन्नत राकेट सिस्टम प्रदान करेगा। सीएनएन ने बताया कि न्यूयार्क टाइम्स के एक ऑप-एड में लिखते हुए बाइडेन ने कहा कि अमेरिकी लक्ष्य एक लोकतांत्रिक, स्वतंत्र, संप्रभु और समृद्ध यूक्रेन को आगे की आक्रामकता के खिलाफ खुद को रोकने और बचाव करने के साधनों के साथ देखना है। उन्होंने कहा कि हथियारों की नई खेप यूक्रेन में युद्ध के मैदान पर महत्वपूर्ण लक्ष्यों पर अधिक सटीक प्रहार करने में सक्षम होगी।

इस बीच, प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका बुधवार (स्थानीय समय) को यूक्रेन के



लिए 11वें सुरक्षा सहायता पैकेज का अनावरण करेगा, जिसमें हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम (HIMARS) शामिल होगा।

यूक्रेन को 700 मिलियन अमेरिकी डालर का पैकेज

एक अधिकारी ने बताया, कल हम राष्ट्रपति के ड्राडाउन अथारिटी के तहत सुरक्षा सहायता के 11वें पैकेज की घोषणा करेंगे। उस पैकेज में लंबी दूरी की प्रणालियां, विशेष रूप से HIMARS और युद्ध-पोत शामिल होंगे जो यूक्रेनियन को युद्ध के मैदान पर अधिक सटीक रूप से लक्ष्य पर हमला करने में सक्षम बनाएंगे। अधिकारी ने कहा कि पैकेज की कीमत 700 मिलियन अमेरिकी डालर है।

नाटो और रूस के बीच युद्ध नहीं चाहते अमेरिका

अधिकारी के मुताबिक, अमेरिका नाटो और रूस के बीच युद्ध नहीं देखना चाहता है। वह चाहता है कि यूक्रेन में चल रहे संघर्ष को जल्द से जल्द खत्म किया जाए। अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन का दूसरा उद्देश्य यह है कि हम नाटो और रूस के बीच युद्ध नहीं चाहते हैं। राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि हम अमेरिकी सैनिकों को भेजकर या रूसी सेना पर हमला करके सीधे इस युद्ध में शामिल नहीं होना चाहते हैं।

हम युद्ध को जल्द से जल्द खत्म होते देखना चाहते हैं

अधिकारी ने कहा, हम रूस को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को जल्द से जल्द खत्म होते देखना चाहते हैं।

बता दें कि 24 फरवरी को रूस ने यूक्रेन में एक विशेष सैन्य अभियान शुरू किया, जब डोनेट्स्क और लुहान्स्क (Donetsk and Luhansk) के अलग-अलग गणराज्यों ने यूक्रेनी सैनिकों द्वारा तीव्र हमलों से उन्हें बचाने के लिए मदद का अनुरोध किया।

पाक और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने यूक्रेन, अफगानिस्तान तथा व्यापार पर की चर्चा

लंदन. ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने अपने पाकिस्तानी समकक्ष शहबाज शरीफ से द्विपक्षीय व्यापार और रूस-यूक्रेन युद्ध सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की है। शरीफ के पिछले महीने प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार दोनों नेताओं की बातचीत हुई। डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत सोमवार शाम को हुई जो क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर केंद्रित रही।

पाकिस्तान में ब्रिटेन के नये व्यापार दूत की भूमिका के संबंध में भी दोनों प्रधानमंत्रियों ने चर्चा की। जॉनसन ने काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद अफगान लोगों को ब्रिटेन भेजने में मदद के लिए पाकिस्तान को धन्यवाद दिया।

डाउनिंग स्ट्रीट के एक प्रवक्ता के अनुसार दोनों नेता पिछले 75 साल के संबंधों को और मजबूत बनाने और व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा देने पर सहमत हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शरीफ ने यूक्रेन में संकट को दूर करने के लिए ब्रिटेन के प्रयासों की सराहना की। बाद में शरीफ ने ट्वीट किया, ''धन्यवाद प्रधानमंत्री। हमारे उत्कृष्ट द्विपक्षीय संबंधों को परिभाषित करने वाले विभिन्न मुद्दों पर आपसे बातचीत कर मुझे बहुत अच्छा लगा।''उन्होंने लिखा, ''मेरी सरकार व्यापार, वाणिज्य, संस्कृति, निवेश और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में नये सहयोग के जरिये ब्रिटेन के साथ अपने संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने की इच्छुक है।

चीन में एक व्यक्ति ने तोड़ा प्रोटोकॉल तो 5000 लोग क्वारंटीन, इन देशों में भी भय बरकरार

विदेश.चीन में कोरोना संक्रमित एक व्यक्ति द्वारा नियमों का उल्लंघन करने की सजा पांच हजार लोगों को मिली है। बीजिंग में एक 40 वर्षीय व्यक्ति संक्रमित होने के बाद भी निर्देशों का उल्लंघन करता रहा। इसका नतीजा ये है कि प्रशासन ने अब उसके घर के आसपास रहने वाले पांच हजार लोगों को सुरक्षा के लिहाज से क्वारंटीन कर दिया है। वहीं व्यक्ति के 258 पड़ोसियों को सरकारी क्वारंटीन केंद्र भेज दिया गया है।

चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के अधिकारियों के अनुसार व्यक्ति के ऊपर आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार 23 मई को ये व्यक्ति शॉपिंग मार्ट में घुस गया था जहां से संक्रमण के फैलने की संभावना जताई जा रही थी। ऐहतियात के तौर प्रशासन ने उसे

खुद को आइसोलेट रहने का आदेश दिया गया था। इसके बावजूद भी वो घूमता रहा। पांच दिन बाद व्यक्ति के साथ उसकी पत्नी में भी कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई। इसी के बाद प्रशासन ने व्यक्ति के घर के आसपास रहने वाले लोगों को क्वारंटीन कर दिया है।

दुनिया के दूसरे देशों में भय बरकरार

अमेरिका.सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) का लोगों से महामारी की धीमी गति के बीच भी मास्क पहनने निर्देश है। संक्रमण के लक्षण दिखने के दस दिन बाद तक किसी हालत में यात्रा न करने की सलाह दी है।

फ्रांस: विदेश से आने वाले लोगों को यात्रा शुरू करने से पहले कोरोना की निगेटिव रिपोर्ट जरूरी है। पूर्ण टीकाकरण का प्रमाण पत्र अनिवार्य टीका न लगवाने वाले जो लोग फ्रांस जा रहे हैं उनकी एयरपोर्ट पर ही जांच हो रही है।

जापान: मोबाइल में माईएसओएस अनिवार्य है। एप से जापान की सरकार व्यक्ति की लोकेशन, उसके स्वास्थ्य की स्थिति जैसी सामान्य जानकारियों की निगरानी की जाती है।

विदेश से आने पर निगेटिव रिपोर्ट जरूरी जो 72 घंटे से पुरानी नहीं होनी चाहिए।

ब्रिटेन: टीकाकरण जरूरी है। दफ्तरों में बैठक खुले स्थान या हवादार जगह पर करने का निर्देश है। भीड़भाड़ वाले स्थान पर मास्क पहनने की सलाह दी गई है। लक्षण आने पर खुद को क्वारंटीन करने और एनएचएस को सूचना देने का निर्देश है।

कनाडा ने रूस पर एक और प्रतिबंध लगाया

ओटावा। रूस-यूक्रेन युद्ध से चिंतित दुनिया के तमाम देश रूस पर लगातार प्रतिबंध लगा रहे हैं। इस बीच कनाडा ने रूस पर एक और प्रतिबंध लगा दिया है। कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने मंगलवार को यह घोषणा की।

विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा कि नए आदेश के तहत रूस के 22 व्यक्तियों और 4 संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। इसमें रूसी वित्तीय संस्थानों और उनके परिवार के सदस्यों के साथ-साथ प्रमुख वित्तीय संस्थानों और बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी से कनाडा ने रूस और बेलारूस के 1,050 से अधिक व्यक्तियों और संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाए हैं। कनाडा के नवीनतम प्रतिबंध अपने पिछले प्रतिबंधों की तरह हैं, इनमें सूचीबद्ध व्यक्तियों और संस्थाओं पर संपत्ति फ्रीज और प्रतिबंध लगाना शामिल है।

Brazil Death Toll: भारी बारिश और भूस्खलन से ब्राजील का बुरा हाल, मरने वालों की संख्या हुई 100

रियो डी जनेरियो. ब्राजील में लगातार भारी बारिश और भूस्खलन से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। भीषण बारिश और भूस्खलन के कारण मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पूर्वोत्तर ब्राजील के राज्य पर्नामबुको में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 100 हो गई है। राज्य की राजधानी रेसिफ़े और इसके महानगरीय क्षेत्र में कार्यरत, बचाव दल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट्स के अनुसार, कम से कम 16 लोग अभी भी लापता थे, खोजबीन के बाद पता चला उनमें से 14 भूस्खलन से दब गए थे और दो पानी की धाराओं में बह गए थे, जबकि 6,000 से अधिक निवासियों को उनके घरों से निकाल लिया गया था।

कई इलाकों में आपातकाल की स्थिति

भारी बारिश जारी रहने के कारण मंगलवार को बचाव कार्य रुक-रुक कर करना पड़ा, जिससे क्षेत्र में नए भूस्खलन और बाढ़ आ सकती है। कम से कम 14 पर्नबुको नगर पालिकाओं ने आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी, जबकि 33 ने पड़ोसी राज्य अलागोस में ऐसा ही किया, जहां

ब्राजील के पूर्वोत्तर इलाके पेरनामबुको में भारी बारिश के बाद आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण करीब 100 लोगों की मौत हो गयी और हजारों को मजबूरन अपना घर छोड़ना पड़ा। कम से कम 14 पर्नंबुको नगर पालिकाओं ने आपातकाल की स्थिति घोषित कर दिया गया है।

बारिश के परिणामस्वरूप तीन लोग मारे गए और 18,000 से अधिक लोगों को निकाला गया, जो पिछले सप्ताह शुरू हुआ और सप्ताह के अंत में तेज हो गया।

राष्ट्रपति ने किया आर्थिक मदद का एलान

ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो ने सोमवार को घोषणा की कि सरकार प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण के लिए 1 बिलियन रियल (लगभग 210 मिलियन अमेरिकी डॉलर) आवंटित करेगी। वहीं राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो (पीएल) ने पीड़ितों और स्थानीय अधिकारियों के बचाव में सहायता के लिए टीमों को भेजने की घोषणा के बाद मंत्री बारिश से प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया था।

खतरे के साए में हजारों लोग

प्रांत के सिविल डिफेंस अधिकारी ने ट्विटर पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि पेरनामबुको में भारी बारिश के बाद आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण करीब हजारों लोगों को मजबूरन अपना घर छोड़ना पड़ा है।

विस्थापितों को लिए स्कूलों में आसरा

भारी बारिश के कारण अपने घरों से विस्थापित हुए लोगों को रेसिफे शहर में स्थित स्कूलों में ठहराया जा रहा है। वहीं, अलागोस राज्य सरकार ने भारी बारिश के कारण प्रभावित 33 नगर पालिकाओं ने आपातकाल घोषित कर दिया है।

नेपाल में टला विमान हादसा, उड़ान भरते ही लौटा बुद्धा एयरलाइंस का विमान

काठमांडू। नेपाल में चार दिन के भीतर दूसरा विमान हादसा होते-होते बचा। बुधवार को बुद्धा एयरलाइंस का विमान उड़ान भरते ही तकनीकी खराबी के कारण वापस लौट आया। इस कारण विमान हादसा टलने से नेपाल के विमानन अधिकारियों ने राहत की सांस ली। नेपाल में बीती 29 मई को तारा एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से 22 लोगों की मौत हो गयी थी। बुधवार को सुबह 10 बजकर 43 मिनट पर बुद्धा एयरलाइंस के एक विमान ने काठमांडू के त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट से भद्रपुर के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरते ही विमान के टायर में कुछ

समस्या सामने आने के बाद विमान को वापस काठमांडू में उतार दिया गया। बुद्धा एयरलाइंस ने ट्वीट कर जानकारी दी कि विमान में 69 यात्री सवार थे। सभी यात्रियों को दूसरे विमान में स्थानांतरित कर उन्हें भद्रपुर के लिए रवाना किया गया। काठमांडू के विमानन अधिकारी के मुताबिक इस पूरे प्रकरण की जांच के आदेश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि बीते रविवार को नेपाल के मुस्तांग जिले में तारा एयरलाइंस के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद नेपाल सरकार ने उड़ानों के परिचालन के लिए नियमों को और सख्त कर दिया है। अब विमानन कंपनियों को उड़ान भरने से पहले इस बात पर भी गौर करना होगा कि पूरे रास्ते में मौसम साफ हो। अब तक नेपाल का उड्डयन नियामक नेपाल नागरिक विमानन प्राधिकरण उड़ान शुरू होने के स्थान और गंतव्य पर मौसम साफ होने पर उड़ान भरने की अनुमति देता था। अब उड़ान के पूरे रास्ते के मौसम पर भी गौर किया जाएगा।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।